दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। सोमवार 03 मार्च-2025 | वर्ष : 10 अंक : 73 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3






दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 03 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 73 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर गुजरात पहुंचे हैं। पीएम मोदी का विमान जामनगर हवाई अड्डे पर उतरा। इसके बाद उन्होंने जामनगर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया। उन्हें सर्किट हाउस की पहली मंजिल पर स्थित रंगमती कक्ष में ठहराया गया था।

रविवार सुबह पीएम मोदी जामनगर में स्थित वनतारा का दौरा करेंगे। वनतारा रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र है। यहां के बाद पीएम सासन गिर राष्ट्रीय उद्यान जाएंगे। सोमवार को गिर जिले में स्थित सोमनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।

**सभी तैयारियां पूरीं :** गुजरात के मंत्री मुलुभाई बेरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जामनगर, द्वारका और गिर जिलों का दौरा करेंगे। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंत्री ने बताया कि पीएम रविवार सुबह वनातारा जाएंगे। इसके बाद गिर जिले में सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।



**जामनगर स्वागत को तैयार :** मंत्री मुलुभाई बेरा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जामनगर आ रहे हैं। पूरा शहर उनके स्वागत के लिए उत्साहित है। वह जामनगर और सौराष्ट्र की बहुत परवाह करते हैं और नियमित रूप से यहां आते हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जामनगर और द्वारका जिले प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए उत्साहित हैं।

**टोनी एबॉट से मिले पीएम मोदी :** इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट से मुलाकात की। एबॉट इन दिनों भारत दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक फोटो के साथ लिखा, ₹मेरे अच्छे दोस्त और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम टोनी एबॉट से मिलकर खुशी हुई। वह हमेशा भारत के मित्र रहे हैं। हम सभी ने उन्हें अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान बाजरा का आनंद लेते देखा है।

शुक्रवार को नई दिल्ली के दिल्ली हाट स्थित मिलेट्स एक्सपीरियंस सेंटर में टोनी एबॉट ने बाजरा से बने कई उत्पाद का आनंद उठाया। उन्होंने कि इन उत्पाद से वे काफी प्रभावित हुए हैं।

## नोएडा विधायक पंकज सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

### विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ की सफलता पर दी मुख्यमंत्री को बधाई, कहा यह आयोजन सनातन की एक बड़ी जीत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नोएडा विधायक पंकज सिंह हमेशा से राजनीति के साथ-साथ राष्ट्रहित और संस्कृति तथा धर्म के हर विषय से जुड़ कर चलते हैं। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में उन्होंने अमृत स्नान भी किया। इस महाकुंभ के सफल आयोजन और इस आयोजन से निकले भारतीय संस्कृति के पावन संदेश से वह बेहद खुश हैं।

उनका मानना है कि भारत ने पहली बार अपने किसी धार्मिक आयोजन से वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति का एक बड़ा संदेश दिया है। भारत यह संदेश देने में सफल रहा है और इसका पूरा श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उन्होंने इतने बड़े आयोजन को बेहद सफलता के साथ पूरा किया। नोएडा विधायक पंकल सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अपनी मुलाकात में उन्होंने कुंभ आयोजन को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

नोएडा विधायक पंकज सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने 45 दिनों तक चले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ की सफलता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यह भव्य पावन पर्व आस्था के साथ संपन्न हुआ है।

नोएडा विधायक पंकज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यह महाकुंभ न केवल भारत अपितु पूरे विश्व के लिए आस्था श्रद्धा और संस्कृति की एक अद्वितीय मिसाल बना है। इस आयोजन ने संपूर्ण विश्व को सनातन धर्म की महानता और भारतीय संस्कृति की दिव्यता से परिचित करवाया है। इस मुलाकात के दौरान नोएडा विधायक ने कई अन्य विषयों पर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की।

### उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी पहुंचे गाजियाबाद

## उत्तरेणीं मकरैणी महोत्सव में सीएम ने कहा- देश भर में उत्तराखंड की पहचान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महोत्सव हमारी संस्कृति, लोककला और लोक संगीत को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।



रविवार को पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति इंदिरापुरम की तरफ से आयोजित उत्तरैणी-मकरैणी कौथिक महोत्सव के समापन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यहां कार्यक्रम को देखकर ऐसा नहीं लग रहा कि जैसे वह गाजियाबाद में हैं, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह उत्तराखंड में ही हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी उत्तराखंड से दूर रहकर भी उत्तराखंड की संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। इससे देश के अन्य राज्यों में इसे लागू करने में मदद मिलेगी। आने वाले दिनों में ऐसी योजनाएं लागू होंगी जो देश में पहली बार उत्तराखंड में शुरू होंगी। इससे लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति के अध्यक्ष सागर रावत ने बताया कि समिति की ओर से 28 फरवरी से दो मार्च तक तीन दिवसीय

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8

## पूर्व विधायक रूप चौधरी के गोवा टूर को लेकर पोस्ट बने चर्चा का विषय

### - तीर्थ यात्रा को सब्जेक्ट बनाकर शब्दों से किया ऑब्जेक्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडन हवाई अड्डे से भगवा यात्रियों को लेकर जहाज ने गोवा के लिये उड़ान भरी। गोवा की धरती पर भाजपा जनप्रतिनिधियों ने कार्यकताओं के साथ लंच किया और इधर भाजपा के पूर्व विधायक रूप चौधरी ने अपनी पोस्ट के जरिये लगातार शब्दों का पंच दिया। उन्होंने गोवा की तीर्थ यात्रा से जुड़ी कई पोस्ट डाली और यहां उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन शब्दों से वो कुछ कहना चाह रहे हैं। उनके शब्दों को पढ़ने वालों ने समझा भी। पूर्व विधायक रूप चौधरी की इन पोस्ट पर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं भी आईं। कुल मिलाकर उनकी पोस्ट भाजपा में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।



## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधानसभा में उठाई दूधेश्वर नगरी की आवाज





### कहा- परिवर्तित होना चाहिए गाजियाबाद का नाम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधानसभा में गाजियाबाद के नाम को बदलने का मुद्दा उठाया। सुनील शर्मा पहले से ही आध्यात्मिक और धार्मिक प्रवृति के नेता हैं। वो अद्भुत कथावाचक हैं, वो नियमित रूप से पूजा प्रार्थना करते हैं। तीर्थ यात्रा करते हैं।

वो विधानसभा में सामाजिक मुद्दे भी उठाते हैं। इस बार उन्होंने विधानसभा में गाजियाबाद के नाम का मुद्दा उठाया है। उन्होंने विधानसभा में अपने संबोधन में दूधेश्वर नगरी की चर्चा की, गजप्रस्थ का मुद्दा उठाया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने विधानसभा में बोलते हुए कहा कि भगवान दूधेश्वरनाथ की नगरी का नाम गजप्रस्थ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अनिवार्य रूप से लागू होना चाहिए। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का विधानसभा में ये संबोधन वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## बार एसोसिएशन गाजियाबाद रखेगी आज कार्य बहिष्कार

## हड़ताल से देंगे रामपुर के अधिवक्ताओं को समर्थन

### - कोर्ट में पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से अधिवक्ता रहेंगे विरत







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। इसके साथ ही न्यायालय परिसर में किसी प्रकार का बार एसोसिएशन गाजियाबाद काम नहीं होने देगी। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने जानकारी दी है कि जिस तरीके से बार एसोसिएशन रामपुर के अधिवक्ताओं के बने चैंबर को ध्वस्त करने का प्रयास प्रशासन द्वारा किया गया है, उसके विरोध में यह हड़ताल और आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर रामपुर के प्रशासन ने इस मामले को लेकर जल्द ही कोई फैसला नहीं लिया तो गाजियाबाद बार एसोसिएशन दोबारा इस मामले को प्रमुखता से उठाएगा। बार अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि रामपुर के अधिवक्ताओं और प्रदेश की बार एसोसिएशन से लगातार गाजियाबाद बार का संपर्क हो रहा है और बार एसोसिएशन गाजियाबाद अधिवक्ताओं के हक में खड़ी रहेगी।



### पुलिस और इंटेलीजेंस रहेगा अलर्ट

करंट क्राइम : सोमवार तीन मार्च को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के आदेश पर अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। तो वहीं न्यायालय परिसर में किसी प्रकार का न्यायिक कार्य भी नहीं होने देंगे। इसके साथ ही जो अधिवक्ता बार एसोसिएशन रामपुर का सहयोग नहीं करेंगे, उन पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद एक्शन ले सकता है। बता दें कि रामपुर में प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के चेंबर ध्वस्त कर दिए गए थे। जिससे पूरे प्रदेश के अधिवक्ता नाराज हैं और वह हड़ताल और कार्य बहिष्कार कर अपनी ताकत को प्रदर्शित कर रहे हैं। इसी को देखते हुए पुलिस के साथ ही लोकल इंटेलीजेंस, चौकी और थाना पुलिस अधिवक्ताओं के मूवमेंट पर नजर रखने का काम करेंगी।

## भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया, वरुण चमके

**मुंबई।** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के दमदार प्रदर्शन से भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया। भारत का ग्रुप चरण में अजेय अभियान जारी रहा और टीम ने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए इस चरण का अंत किया। भारत का सामना अब सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से चार मार्च को दुबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं, एक अन्य सेमीफाइनल में पांच मार्च को न्यूजीलैंड की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से लाहौर में होगी।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 249 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए केन विलियमसन ने 81 रन बनाए, लेकिन न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए वरुण ने शानदार प्रदर्शन किया और 10 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट झटके। वरुण का चैंपियंस ट्रॉफी में यह पहला ही मैच था और वह चमक बिखेरने में सफल रहे। न्यूजीलैंड एक समय अच्छी स्थिति में था, लेकिन वरुण ने दमदार प्रदर्शन कर भारत के पक्ष में रुख पलट दिया। भारत की ओर से वरुण के अलावा कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए, जबकि हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट मिला।




दिलचस्प बात यह है कि भारत इस मुकाबले में चार स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। भारतीय टीम को चार स्पिनर उतारने का फायदा मिला क्योंकि न्यूजीलैंड के नौ विकेट स्पिनरों ने ही झटके। भारत की ओर से मोहम्मद शमी एकमात्र गेंदबाज रहे जो खाली हाथ रहे। उन्होंने हालांकि, इस मैच में सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की।

चैंपियंस ट्रॉफी में अपना तीसरा मैच खेलने उतरी भारतीय टीम आज उम्मीद के अनुरूप खेलती नजर नहीं आई। टीम की शुरूआत ही खराब हुई। पिछले दो मैचों में 147 रन बनाने वाले शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जबकि कप्तान रोहित शर्मा मात्र 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस दौरान अपने करियर का 300वां वनडे खेल रहे विराट कोहली ने भी निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह मैट हेनरी का शिकार बन गए और 30 रन के स्कोर पर अपना विकेट खो बैठे। ग्लेन फिलिप्स ने अभूतपूर्व कैच पकड़ा। दुबई में खेला गया यह मैच सेमीफाइनल की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 249 रन बनाए, जिसे टीम डिफेंड करने में सफल हुई। मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। रचिन रवींद्र ने अक्षर को केन विलियमसन के हाथों कैच कराया। वह तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने लगातार दूसरे मैच में पचासा जड़ा। उनके अलावा हार्दिक पांड्या ने 45 रन बनाए जिसकी बदौलत भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचा।

चैंपियंस ट्रॉफी के 12वें मैच में तेज गेंदबाज मैट हेनरी कहर बनकर टूटे। उन्होंने शुभमन गिल, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या और मोहम्मद शमी को

विस्तृत खबर, पृष्ठ 5

# मणिपुर में 42 और हथियार सरेंडर किए गए, 5 अवैध बंकर भी किए नष्ट

**मणिपुर।** पिछले कई महीनों से संघर्ष झेल रहे मणिपुर में रविवार को पांच जिलों में लोगों ने 42 हथियार और कारतूस जमा किए हैं। इससे पहले भी लोगों ने हथियार जमा किए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को इंफाल पश्चिम और पूर्व, चुराचांदपुर, बिष्णुपुर और तामेंगलोंग जिलों में आग्नेयास्त्र जमा करवाए गए। बिष्णुपुर जिले में 2 पिस्तौल, 6 ग्रेनेड और 75 से ज्यादा कारतूस सहित पांच आग्नेयास्त्र जमा करवाए गए।

तामेंगलोंग जिले के कैमाई पुलिस थाने में 17 देशी बंदूकें, नौ 'पोम्पी' (स्थानीय रूप से निर्मित मोर्टार) और कारतूस जमा किए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि याइंगंगपोकपी, पोरोमपट, चुराचांदपुर और लामसांग पुलिस थानों में करीब 10 आग्नेयास्त्र और कारतूस जमा किए गए।





## जब्त भी किए गए कुछ हथियार

इंफाल पश्चिम जिले के सैरेमखुल में सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार को 20 राउंड गोला-बारूद से भरी एक मैगजीन के साथ एक इंसास एलएमजी, एक एके-56 राइफल, तीन एसएलआर राइफल, एक एसएमजी 9 एमएम कार्बाइन, एक ।303 राइफल, एक डीबीबीएल गन, बिना डेटोनेटर के चार ग्रेनेड, एक चीनी हैंड ग्रेनेड और अन्य सामान भी जब्त किया गया।

सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले में थिंगसैट पहाड़ी में मार्क हिल में दो अवैध बंकरों को भी ध्वस्त कर दिया। शनिवार को कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिलों के पास के इलाके में वाकन पहाड़ी में तीन अन्य अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया।

## सूबे में राष्ट्रपति शासन

राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को युद्धरत समूहों से सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों और अन्य अवैध रूप से रखे गए आग्नेयास्त्रों को 7 दिनों के अंदर खुद से जमा करने का निर्देश दिया था। सात दिनों की अवधि के दौरान, मुख्य रूप से घाटी के जिलों में 300 से ज्यादा आग्नेयास्त्रों को जनता द्वारा आत्मसमर्पण किया गया।

बाद में, उन्होंने पहाड़ी और घाटी दोनों इलाकों के लोगों द्वारा अतिरिक्त वक्त की मांग के बाद लूटे गए और अवैध आग्नेयास्त्रों को जमा करने की समय सीमा 6 मार्च शाम 4 बजे तक बढ़ा दी।

**2023 से जारी है हिंसा :** मई 2023 से अब तक मैतेई और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। इसके साथ ही राज्य विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है।

# चमोली रेस्क्यू: दो और मजदूरों के शव मिले, कुल 7 की मौत, 1 की तलाश अभी भी जारी



**उत्तराखंड :** उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर टूटने से हुए हादसे के बाद माणा में रेस्क्यू ऑपरेशन तीसरे दिन भी जारी है जिसमें एक और मजदूर का शव बर्फ से निकाला गया है। अब तक बर्फ में दबे 54 मजदूरों में से 51 को बाहर निकाला जा चुका है, लेकिन इनमें से 4 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था, कुल 5 मजदूरों की अब तक मौत हो चुकी है। वहीं अभी भी 3 मजदूर बर्फ के नीचे फंसे हुए हैं, जिनकी तलाश जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन और बचाव दल तेजी से ऑपरेशन को पूरा करने में जुटे हैं।

पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन शुक्रवार को पता चला कि हिमाचल के कांगड़ा का रहने वाला सुनील कुमार बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था। परिवार ने इसकी जानकारी दी। रविवार को मौसम ठीक होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन जल्द शुरू हुआ। ड्रोन, रडार सिस्टम, स्निफर डॉग, विक्टिम लोकेटिंग और थर्मल इमेज कैमरा से सर्चिंग की जा रही है। 7 हेलिकॉप्टर भी लगाए गए हैं।

## लापता 3 मजदूरों की तलाश तेज

आर्मी और वायुसेना के अलावा क्ळइढ, इफ्ढ, रउफ्रऔर ठउफ्रके 200 से ज्यादा जवान भी घटनास्थल पर बर्फ की मैनुअल खुदाई कर लापता 3 मजदूरों की तलाश में लगे हुए हैं।

हादसा चमोली के माणा गांव में 28 फरवरी की सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर हुआ, मोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बॉर्डर रोड ऑगेनाईजेशन (इफ्ढ) के मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

## बर्फ में कितनी देर तक रहा जा सकता है जिंदा ?

बर्फ में दबे मजदूर कितनी देर तक जिंदा रह सकते हैं इसको लेकर चीफ कंसलटेंट सर्जन राजीव शर्मा ने बताया कि बर्फ में दबे होने से सफोकेशन के कारण मौत होती है। हाइपोथर्मिया फ्रैक्चर भी मौत का कारण बनता है। ज्यादा देर तक बर्फ में दबे रहने से जान जा सकती है। वहीं, भारी बर्फबारी और खराब मौसम के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में कई बार रुकावटें आ रही हैं। हालांकि, रविवार को मौसम ठीक होते ही बचाव कार्य में तेजी आई है। प्रशासन का कहना है कि लापता मजदूरों को जल्द से जल्द खोजने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। रेस्क्यू टीमों को उम्मीद है कि जल्द ही बाकी मजदूरों को भी खोज लिया जाएगा। पूरे इलाके में सुरक्षा और राहत कार्य के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं।

# बीएसपी में घमासान : मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया

## बोलीं-मेरे जिंदा रहने तक कोई नहीं होगा उत्तराधिकारी



अशोक सिद्धार्थ पर जमकर बरसीं बसपा सुप्रीमो मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली बसपा में आज घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है।

वहीं आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।

## गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही करेंगे रिश्ता

मायावती ने कहा कि आनन्द कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि ना हो सके।

मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनन्द के ससुर भी है, उसे अब पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनकी लड़के की शादी में भी देखने के लिए मिला है।

जहां तक इस मामले में आकाश आनन्द का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है। अब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है तथा आकाश पर भी उसकी लड़की का कितना प्रभाव पड़ता है तो यह सब भी अब हमें काफी गम्भीरता से देखना होगा जो अभी तक कतई भी पॉजिटिव नहीं लग रहा है।

ऐसे में पार्टी व मूवमेन्ट के हित में आकाश आनन्द को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इसका ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार है, जिसने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आकाश आनन्द के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है।

# बाराबंकी स्टेशन पर घंटों फंसी रांची एक्सप्रेस

## भूख-प्यास से बेहाल यात्रियों का ट्रैक पर हंगामा



**बाराबंकी।** बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर सोमवार को अफरा-तफरी मच गई जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची एक्सप्रेस (18610) को आगे का सिग्नल नहीं मिला और ट्रेन घंटों खड़ी रह गई। पहले ही दो दिन से भूखे-प्यासे यात्री परेशान थे, ऐसे में जब ट्रेन बिना किसी सूचना के बाराबंकी में रोक दी गई, तो गुस्सा फूट पड़ा। यात्रियों ने रेलवे ट्रैक पर उतरकर जमकर हंगामा किया और विरोध प्रदर्शन किया।

**ट्रेन को इटारसी से किया था डायवर्ट किया, बाराबंकी में सिंगनल नहीं :** मुंबई से रांची जाने वाली यह ट्रेन आमतौर पर इटारसी से बनारस होकर रांची जाती है, लेकिन रविवार को रेलवे ने इसे अचानक लखनऊ और बाराबंकी रूट पर डायवर्ट कर दिया। लखनऊ से यह ट्रेन बाराबंकी पहुंची, लेकिन उत्तर पूर्व रेलवे ने इसे आगे सिग्नल ही नहीं दिया। इससे ट्रेन स्टेशन पर फंसी रह गई और यात्री बेहाल हो गए।

**भूख-प्यास से तड़प रहे यात्री, ट्रैक पर प्रदर्शन :** ट्रेन में न तो खाने-पीने की सुविधा थी, न ही कोई अन्य इंतजाम। छोटे बच्चे भूख से बिलखने लगे, महिलाएं परेशान रहीं, आखिरकार यात्री गाड़ी से नीचे उतर आए और रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। यात्री नरेंद्र सिंह ने बताया, ₹दो दिन से ट्रेन में सफर कर रहे हैं, लेकिन रेलवे ने कोई इंतजाम नहीं किया। बाराबंकी में घंटों रोक दिया गया, बच्चे भूख से तड़प रहे थे। रेलवे को यात्रियों की कोई परवाह नहीं है।

**बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर हंगामा, रेलवे अधिकारी भी घबराए :** बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर बढ़ते हंगामे को देखकर रेलवे प्रशासन और सुरक्षा बलों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे और यात्रियों को शांत कराने की कोशिश की लेकिन नाराज यात्रियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

काफी मशक्कत के बाद ट्रेन रवाना हुई। आरपीएफ के इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि यात्री भोजन पानी न होने और लेट लतीफे को लेकर हंगामा कर रहे थे।

# ओले गिरने के साथ मौसम विभाग ने जारी की बारिश की चेतावनी, बढ़ी किसानों की चिंता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों के जिलों में शनिवार को बारिश होने से मौसम में नरमी आई है। रविवार की सुबह भी कई जिलों में ओला गिरने के साथ हल्की बारिश की चेतावनी है, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही आसमान साफ रहने के साथ गर्मी बढ़ने के आसार जताए जा रहे है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक अगले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश का मौसम साफ रहेगा। अधिकांश हिस्सों में बादल छंट जाएंगे और धूप खिलने की संभावना है। तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है, लेकिन मौसम सामान्य रहेगा।

पिछले दो दिन की बारिश और ओलावृष्टि से 13 जिले प्रभावित हैं। बारिश और ओलावृष्टि को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को तत्काल राहत कार्यों के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित लोगों की मदद करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार सुबह मथुरा में तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि के बीच टिन और छप्पर उड़ गए। मथुरा की मांट तहसील के नौहझील, बाजना और सुरीर में किसानों ने बताया कि करीब 10 मिनट तक नौहझील क्षेत्र में ओले पड़े। इनका वजन 200 ग्राम तक रहा। साथ ही एक घंटे तक तेज बारिश हुई।

रुहेलखंड से लेकर तराई के जिलों तक में शुक्रवार रात से शनिवार तक मौसम का मिजाज बिगड़ा रहा। लखीमपुर खीरी में शुक्रवार को रातभर रुक-रुककर बारिश हुई। कई गांवों में शनिवार सुबह बारिश के साथ जमकर ओले गिरे।

# वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन ने होली पर दर्शनार्थियों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश



**मथुरा।** वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी मंदिर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए होली पर्व के पहले ही मंदिर प्रबंधन ने दर्शनार्थियों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे नियमों का पालन करते हुए उत्सव में शामिल हों और मंदिर की गरिमा बनाए रखें।

मंदिर के प्रबंधक मुनीश शर्मा ने बताया कि होली के दौरान ठाकुरजी की प्रसादी का रंग भक्तों पर डाला जाएगा। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे दूर से रंग या गुलाल न फेंकें। रंग, प्रसाद और माला केवल सेवायत गोस्वामीजनों को ही दें।

मंदिर और पुलिस प्रशासन द्वारा एकल मार्गीय रूट चार्ट लागू किया गया है। उसका पालन करें। भीड़ के समय वृद्ध, दिव्यांग, छोटे बच्चों, बीमार व्यक्तियों और रंग से एलर्जी वाले लोगों को मंदिर न लाने की सलाह दी गई है।

श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे कीमती सामान और आभूषण अपने साथ न लाएं। साथ ही जेबकतरों और मोबाइल चोरों से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है। वृद्ध और बच्चों की जेब में नाम-पता व फोन नंबर की पर्ची रखने की सलाह दी गई है ताकि को बिछड़ने पर शीघ्र सूचना दी जा सके।

मंदिर परिसर के पास जूते-चप्पल रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। श्रद्धालुओं के लिए विद्यापीठ चौराहा, गौतम पाड़ा, जुगलघाट, जादौन कार पार्किंग और हरिनिकुंज चौराहा पर जूता-घर बनाए गए हैं।

# कैग रिपोर्ट में उठे सवाल: धूल फांक रही दिल्ली की बाइक एम्बुलेंस सेवा

## मरीजों को नहीं मिल रही सुविधा

**नई दिल्ली।** पूर्वी, शाहदरा और उत्तर पूर्व दिल्ली के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मरीजों को तत्काल राहत देने के लिए शुरू की गई बाइक एम्बुलेंस अब धूल फांक रही हैं। पायलेट प्रोजेक्ट के तहत स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शुरू हुई योजना कुछ दिन चली, लेकिन कर्मचारियों के अभाव में योजना ने शुरू होने से पहले दम तोड़ दिया।

**पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू हुई थी योजना :** इस योजना के शुरू होने पर दिल्ली के भीड़-भाड़ इलाके में घायलों को तुरंत राहत मिलने की उम्मीद थी। दिल्ली विधानसभा में रखी गई कैग रिपोर्ट ने भी इस योजना पर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए फरवरी 2018 में बाइक एम्बुलेंस को मंजूरी दी गई। इसमें मोटर साइकिलों का उपयोग करके प्रथम प्रतिक्रिया वाहन (एफआरवी) तैयार किए गए। पायलट प्रोजेक्ट के तहत मई 2018 में 12.84 लाख की लागत से 16 एफआरवी खरीदे गए। फरवरी 2019 में इन्हें पूर्वी, शाहदरा और उत्तर पूर्व जिलों को कवर करने के लिए तैनात किया गया। एफआरवी को नियमित सीएटीएस कर्मचारियों ने संचालित किया।



**दोबारा योजना शुरू करने के नहीं हुए प्रयास :** रिपोर्ट के ऑडिट में पाया गया कि इन एफआरवी को बाद में कर्मचारियों की कमी के कारण मार्च 2020 में वापस ले लिया गया। जून 2022 से सभी वाहन निष्क्रिय हैं। इन एफआरवी को चालू करने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। ऐसे में यह योजना मार्च 2020 से गैर-कार्यात्मक रही।

**आउटसोर्स से कैट्स एम्बुलेंस में नहीं आया सुधार :** घायलों को समय पर एम्बुलेंस की सुविधा देने के लिए 200 कैट्स एम्बुलेंस सुविधा को तीन साल के लिए अगस्त 2019 में आउटसोर्स किया गया।

# एमसीडी का बजट सत्र आज से शुरू



**नई दिल्ली।** एमसीडी बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा और 19 मार्च तक चलेगा। इस दौरान चार दिन बैठकें आयोजित की जाएगी, जिनमें बजट से संबंधित चर्चा होगी और महत्वपूर्ण सुझाव पेश किए जाएंगे। बजट सत्र की पहली बैठक सोमवार को होगी, जिसमें नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह बजट को लेकर अपने सुझाव देंगे। इसके बाद 10 और 12 मार्च को होने वाली बैठकों में पार्षद अपनी राय और संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। अंतिम बैठक 19 मार्च को होगी, जिसमें बजट को पारित किया जाएगा।

एमसीडी के इस बजट सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर खर्च की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके अलावा कर नीतियों, नई योजनाओं और अन्य वित्तीय प्रस्तावों पर भी चर्चा होने की संभावना है। हालांकि कर तय कर दिए गए है। एमसीडी के एक्ट के अनुसार 15 फरवरी तक करों की दरें तय करना अनिवार्य है, जबकि मदों की राशि 31 मार्च तक तय की जा सकती है।

नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह की ओर से बजट के संबंध में सुझाव देने के दौरान आप सरकार को कटघरे में खड़ा करने की संभावना है। इसके अलावा वह बहुमत नहीं होने का हवाला देते हुए मेयर से त्याग पत्र की भी मांग करेंगे। लिहाजा बजट सत्र के दौरान सत्तारूढ़ दल आम आदमी पार्टी और प्रमुख विपक्ष दल भाजपा के बीच तीखी बहस होने की संभावना है।

**खोया-पाया**

मेरी, 10वीं (रोल नं. 0124380, यूपी बोर्ड) सन 1987, जन्मतिथि 24/02/1972 की मार्कशीट कहीं खो गयी है। मिलने पर संपर्क करें-संजीव कुमार शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा, निवास म.नं. 96 जी, अनुकम्पा अपार्टमेंट, अभयखंड-4, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, मो. 9718199155

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः-3809/उद्यान/2024-25 दिनांक 01.03.2025

**ई-टेण्डर अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न कार्य हेतु ई-निविदाऐं दिनांक 03.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइड **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिसे दिनांक 20.03.2025 की मध्यान्हः 02:00 तक वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 20.03.2025 की अपरान्हः 03:00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर की धनराशि एवं निविदा शुल्क (Tender Fees Non Refundable) वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा तथा सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध के समय शेष प्रतिशत की, धनराशि अनुबन्ध कराते समय एफ.डी.आर. के रूप में कार्यालय में जमा करानी होगी, जोकि लेखाधिकारी, गाजियाबाद नगर निगम के नाम पर बन्धक होगी। निविदा में प्रतिभागी फर्म योग्य होने पर वित्तीय निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश रहता है, तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी।

विस्तृत शेष नियम व शर्ते एवं सूचना वेबसाइड **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

उद्यान प्रभारी,
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। सोमवार 03 मार्च -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# खूब जमा रंग जब जनप्रतिनिधि गोवा गए भाजपा कार्यकर्ताओं के संग

## समंदर की लहरों के बीच विधायक ने किया मंत्रोच्चार तो सांसद ने किया मॉर्निंग वॉक और योगा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लगातार अपनी लोकसभा में एक नई हवा के साथ हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान ही कहा था कि वो सांसद बनकर ये एहसास कराएंगे कि उनके सांसद उनके बीच हैं और उन्होंने ये साबित किया है। एक मार्च का वादा पूरा किया और इस वादे को उन्होंने एक अलग अंदाज से निभाया। एक मार्च को जब हिंडन एयरपोर्ट से गाजियाबाद टू गोवा उड़ान शुरू हुई तो गाजियाबाद की भाजपा सियासत इसकी अनूठी गवाह बनी। जब गोवा के लिये गाजियाबाद की जमीन से फ्लाइट शुरू हुई तो उस फ्लाइट में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, शहर विधायक संजीव शर्मा सहित 70 से ज्यादा यात्री मौजूद थे। बड़ी बात ये थी कि इनमें भाजपा के प्रकोष्ठ के संयोजक थे। मंडल अध्यक्ष थे, एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य थे। शहर के प्रमुख व्यापारी थे, भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता थे। उद्योगपति तथा भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता था। गोवा में जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यकताओं का ये टूर मस्ती से भरपूर रहा। सभी ने इन पलों को इंज्वाय किया। एक मस्ती, एक उमंग और अपनों का संग सभी को भाया। सबने कहा भी कि ऐसे टूर होते रहने चाहिए।

### जब लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपने जन्मदिन पर समुंद्र की लहरों के बीच किया मंत्रोच्चार



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर हमेशा ही कुछ अलग करते हैं। जब उनका जन्मदिन था तो लोगों को वो पल भी याद होगा जब वो खीर की बाल्टी लेकर श्मशान घाट में थे और उन्होंने अपने जन्मदिन पर वहां हवन किया था। इस बार लोनी विधायक अपने जन्मदिन पर समुंद्र किनारे गोवा में थे। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर कहीं जाएं और नया मैसेज ना दें ऐसा तो हो ही नहीं सकता। इस बार वो यात्रा से पहले ही अपने स्पोट्र्स लुक को लेकर चर्चा में रहे। टी-शर्ट और जींस पहने, काला चश्मा लगाए नंदकिशोर गुर्जर अलग ही दिख रहे थे। रविवार को उनका जन्मदिन भी था और जन्मदिन का एक अनूठा संदेश लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गोवा से दिया। उन्होंने समुंद्र की लहरों के बीच बैठकर मंत्रोच्चार किया। समुंद्र की नई आध्यात्मिक-धार्मिक पहचान बताई। उन्होंने कहा कि समुंद्र मां लक्ष्मी का वास है। भगवान विष्णु यहां विराजते हैं और जन्मदिन पर ये सौभाग्य है कि समुंद्र तट पर अपने ईष्ट को स्मरण करने का अवसर मिला है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने समुंद्र की लहरों के बीच बैठकर मंत्रोच्चार किया। समुंद्र का सनातन दृष्टि से महत्व बताया।

### कार्यकर्ता ने बनाई चाय और मंडल अध्यक्ष ने स्वीमिंग पूल में लिया आनंद



**करंट क्राइम।** गोवा टूर में केवल सांसद और विधायक ही नहीं थे। इस टूर में भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता भी थे। इस टूर में मंडल अध्यक्ष भी थे। टूर में भाजपा के अनुज मित्तल थे। इस टूर में भाजपा कार्यकर्ता भजनलाल डेंग्ला थे। सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले थे। दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल थे। कारोबार रामवअतार जिंद थे, अनिल कुमार गर्ग सैनेटरी वाले थे। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता थे। पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल थे और उनके साथ पिलखुवा भाजपा के कई कार्यकर्ता थे। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां सभी इन पलों का आनंद लिया। भजन लाल डेंग्ला ने स्वयं अपने लिये चाय बनाई तो मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता स्वीमिंग पूल में थे। सभी कार्यकर्ता एक अच्छे मूड, एक अच्छे टूर का आनंद लेते दिखाई दिये।



### अतुल गर्ग ने कर दिया साबित, उनका सांसद है उन्हीं के बीच



**करंट क्राइम।** अतुल गर्ग ने लोकसभा चुनाव के दौरान ही ये कहा था कि अब जनता को ये महसूस कराएंगे कि उनके सांसद हमेशा उनके बीच है। लोग कभी भी मिल सकते हैं, कोई प्रोटोकॉल नहीं है और अतुल गर्ग इस बात को साबित करने में सफल रहे हैं। उन्होंने सांसद बनने के बाद अपने लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं को संसद का भ्रमण कराया। खबर नवीसों को संसद की सैर कराई। स्कूली बच्चों को संसद घुमाई और उन्होंने एनजीओ के लिये भी ये टूर उपलब्ध कराया। सबसे बड़ी बात ये है कि इन सभी टूर में जनता ने और भाजपा कार्यकताओं ने अपने सांसद को अपने बीच पाया। संसदीय क्षेत्र से लेकर संसद तक सांसद अतुल गर्ग अपनी ये पहचान बनाने में सफल रहे हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता को ना केवल लोकसभा का भ्रमण कराया बल्कि उन्हें लंच भी कराया और अब वो गोवा टूर से ये मैसेज देने में सफल रहे हैं। वो चाहते तो उड्डयन मंत्री के साथ हरी झंडी दिखाकर दिल्ली लौट सकते थे। वो चाहते तो स्वयं इस फ्लाइट में जाकर संदेश दे सकते थे, लेकिन उन्होंने अपनी लोकसभा में सबको साथ लेकर गोवा टूर से एक बड़ा संदेश दिया। हिंडन के हवाई अड्डे से गोवा समुंद्र की लहरों पर ये साबित करने में सफल रहे हैं कि वो जनता के सांसद हैं। बिना किसी फोरमेलेटी के कार्यकर्ता उनसे कभी भी मिल सकते हैं। वहीं इस टूर में संजीव शर्मा का अंदाज भी ऐसा ही रहा है। इस टूर में उनके दोस्त पप्पू पहलवान पीछे नहीं रहे और भाजपा का जनप्रतिनिधि टोला ये संदेश देने में सफल रहा है कि हर कार्यकर्ता उनकी पहुंच में हैं और हर कार्यकर्ता उनसे मिल सकता है।

### सांसद और विधायकों ने पकड़ ली रविवार को वापसी की फ्लाइट

**करंट क्राइम।** चार दिन का गोवा टूर था, लेकिन एक दिन के टूर के बाद ही सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीतपाल त्यागी, विधायक नंदकिशारे गुर्जर और विधायक संजीव शर्मा ने गोवा से वापसी की फ्लाइट पकड़ ली। दरअसल इसके पीछे का कारण दो दिन की छुट्टी भी बताया जाता है। शनिवार और रविवार को विधानसभा सत्र की छुट्टी थी। सोमवार से सब विधायकों को सत्र में शामिल होना हैं। लिहाजा रविवार को ही जनप्रतिनिधियों ने गोव से प्रस्थान किया। विधायकगण सीधा लखनऊ पहुंचेंगे। इस तरह से जनप्रतिनिधियों ने एक संदेश भी दिया और जनप्रतिनिधि के रूप में अपने किसी भी कार्य को बाधित भी नहीं होने दिया।

### नाइस मैन संजीव गुप्ता ने किया अपने व्यवहार से फिर सभी को कायल

**करंट क्राइम।** संजीव गुप्ता गाजियाबाद शहर की एक औद्योगिक पहचान भी है। वो व्यापार मंडल के बड़े पद पर हैं। वो महानगर कोषाध्यक्ष हैं और इसके बाद वो एक सहज सरल इंसान



के रूप में भी अपनी सामाजिक पहचान रखते हैं। गोवा टूर में एक बार फिर नाइस मैन के नाम से मशहूर संजीव गुप्ता ने अपने व्यवहार से सभी का मन जीत लिया। उन्होंने इस पूरे टूर को यादगार बनाया। दरअसल उनका अंदाज ऐसा है कि वो किसी भी इवेंट को भव्य बनाना जानते हैं। वो लम्हों को यादगार बनाते हैं। उन्हें गाजियाबाद का शो मैन कहा जाता है। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे टूर की स्क्रिप्ट इंटरनली संजीव गुप्ता ने ही लिखी थी। दरअसल वो गोवा के भूगोल और अर्थशास्त्र दोनों से ही परिचित हैं। उनकी कंपनी डीलर मीट अक्सर यहां होती है। यहां उन्होंने सभी के साथ सफर का आनंद लिया और अपने अनुभव को साझा किया।

### कर सकते हैं चैक पर्चा, सबका हुआ अपना-अपना खर्चा

**करंट क्राइम।** गोवा टूर को लेकर ये बात लगातार चल रही थी कि इस टूर को स्पांसर किया गया है और ये नाराजगी इंटरनल है कि हमें नहीं बुलाया गया। वहीं एक चर्चा ये भी है कि अब जब गाजियाबाद से गोवा की फ्लाइट शुरू हुई है तो इसका क्रेडिट कोई भी ले लेकिन लाभ जनता को ही मिलेगा। ये टूर गोवा का पहला टूर है जो जनप्रतिनिधियों ने आध्यात्मिक टूर में तब्दील किया। यहां एक कंफ्यूजन ये चल रहा है कि टूर पैकेज को मैनेज किया गया है, लेकिन पता ये चला है कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। अपना-अपना खर्चा रहा है और चर्चा पर विराम लगाते हुए टूर वालों ने ही कह दिया कि जिन्हें कोई शक है वो हिसाब वाला पर्चा देख सकते हैं। यह एक टूर पैकेज था और इस पैकेज में सभी ने अपने-अपने खर्चे खुद उठाए। पैकेज चार दिन के पैकेज में हवाई यात्रा, होटल में रुकना सब शामिल है।

# जब अनिल अग्रवाल सांवरिया ने कहा- हमारे सांसद हैं सबसे बेस्ट

## बोले- नहीं है कोई और ऑप्शन और अतुल गर्ग को ही बनाना चाहिए चीफ गेस्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अनिल अग्रवाल सांवरिया शहर का एक ऐसा प्रतिष्ठित नाम है जो भाजपा की सियासत से लेकर सामाजिक और धार्मिक विरासत को संभाले हुए है। वो शहर के प्रमुख व्यवासयी हैं और भाजपा की राजनीति के बड़े किरदार माने जाते हैं। सियासत के अलावा वो व्यापार मंडल के नेता हैं।

भाजपा के महानगर संयोजक हैं। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में उनकी बड़ी भूमिका रहती है, पूरी रूचि के साथ काम करते हैं। चीजों को संवारना कोई अनिल अग्रवाल सांवरिया से सीखें। बड़ी बात ये है कि हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखते हैं। अपनों के लिये कैसे कहा जाता है और किस तरह से अपनों का मान सम्मान बढ़ाया जाता है ये अनिल अग्रवाल सांवरिया ने एक बातचीत में दिखाया। बड़ी बात ये थी कि जिनके मान-सम्मान के लिये वो एकदम स्पष्ट रूप से कह रहे थे, वो वहां उस समय नहीं थे।

चेहरे पर प्रशंसा सभी करते हैं, लेकिन पीठ पीछे प्रशंसा करना बड़े दिलवालों का काम है। बताते हैं कि वैश्य समाज का एक बहुत बड़ा कार्यक्रम एनसीआर में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजन मंडल वाले फ्रेम में अनिल अग्रवाल सांवरिया के भी संपर्क हैं। वो अपना कद ऐसा रखते हैं कि बड़े आयोजन उनकी सलाह के बिना अधूरे माने जाते हैं। इस कार्यक्रम के चीफ गेस्ट को लेकर मंथन हो रहा था। एक मीटिंग आयोजित हुई। इस मीटिंग में सभी अपनी बात रख रहे थे। सूत्र बताते हैं कि यहां किसी ने जब अनिल अग्रवाल सांवरिया से पूछा और चीफ गेस्ट को लेकर कई नाम बताए तो यहां अनिल अग्रवाल सांवरिया ने कहा कि इतने नामों पर चर्चा करने की कोई जरूरत ही नहीं है। यहां उन्होंने कहा कि हमारे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बेस्ट कार्यक्रम के लिये कोई चीफ गेस्ट नहीं हो सकता। यह वैश्य समाज के लिये गौरव की बात है कि वो हमारे सांसद हैं।

पूरे समाज के लिये हमेशा सहज उपलब्ध हैं। जहां तक कद की बात है तो हम इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि हमारे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति का चेहरा है। वो दिल्ली चुनाव के सहप्रभारी से लेकर राष्ट्रीय स्तर का दायित्व निभा चुके हैं। हमेशा अपनों के बीच रहते हैं। बताते हैं कि यहां जब आयोजक मंडल ने कहा कि अतुल गर्ग के अलावा और क्या ऑप्शन हो सकता है तो वो अनिल अग्रवाल सांवरिया ने अतुल गर्ग के नाम के अलावा कोई ऑप्शन ही होने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि अतुल गर्ग के नाम का कोई ऑप्शन ही नहीं हो सकता और एक तरह से ये कह दिया कि 'ईस्ट टू वेस्ट' लोकसभा सांसद अतुल गर्ग 'इज द बेस्ट' एण्ड 'ही विल बी द चीफ गेस्ट'।

# रमजान और होली को लेकर पुलिस कमिश्नरेट हुई अलर्ट

## थानों में हो रही है पीस कमेटी की मीटिंग और सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

### - डीजीपी का अधिकारियों को साइबर मॉनिटरिंग का पर सख्ती रखने का निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रमजान का मुबारक महीना शुरू हो चुका है और इसको देखते हुए पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त करने के सभी जिला प्रभारियों और पुलिस कमिश्नरों को निर्देश दिए गए हैं, खुद पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है। तो वहीं प्रत्येक थानाक्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों और प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास नमाज के समय पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ ही सड़कों पर जाम ना लगे और साइबर मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साइबर मॉनिटरिंग से सरकार का आश्रय है की अफवाह या भड़काऊ पोस्ट पर साइबर मॉनिटर तेज करते हुए लगाम नहीं लगाई जाए। साथ ही पुलिस की टीमों को सोशल मीडिया पर एक्टिव रखा जाए ताकि किसी प्रकार से माहौल न बिगड़े और शांति व्यवस्था बनी रहे।

### डीसीपी स्तर के अधिकारी जोन पर रखेंगे नजर

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह रमजान के दौरान मोहल्ले और होली को लेकर विशेष अलर्ट रखेंगे। इसके साथ ही संबंधित संवेदनशील इलाकों पर समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। पैदल मार्च निकाला जाएगा और शरारती तत्वों पर कार्रवाई करने का भी निर्देश एसीपी स्तर के अधिकारियों को जारी कर दिया गया है। प्रत्येक जोन में कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था बहाली की जिम्मेदारी डीसीपी स्तर के अधिकारियों को दे दी गई है।



रमजान और होली को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। सभी एसीपी और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

**राजेश कुमार, एडिशनल सीपी कार्यवाहक**

### होली को लेकर बनाई जाएगी 48 क्विक रिएक्शन रिस्पांस टीम

करंट क्राइम :14 मार्च को होली का त्यौहार है। होली को लेकर उससे पहले ही इलाकों और प्रमुख स्थानों पर रंगोत्सव का जश्न और आयोजन होता है। यहां पर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो और माहौल न बिगड़े इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन को मिलाकर कुल 48 क्विक रिएक्शन रिस्पांस टीम का गठन किया जाएगा। जो प्रत्येक जोन के साथ ही रिजर्व पुलिस लाइन में भी मौजूद रहेगी। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण स्थानों पर भी क्विक रिस्पांस टीम की तैनाती की जाएगी।

# सुनहरी यादों के बीच हुआ फ्लॉवर शो व चटकारे का समापन



### ललित जायसवाल ने किया सीडीओ अभिनव गोपाल, डीसीपी सिटी राजेश कुमार और डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल का स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** तीन दिनों तक शहर के लोगों के लिए मनोरंजन, फ्लॉवर शो और चटकारे का समापन हो गया। समापन के अंतिम दिन बड़ी संख्या में सुबह से ही लोग मेले का आनंद लेने के लिए पहुंचे थे। तो वहीं मेले के आयोजक ललित जायसवाल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, सहायक श्रम आयुक्त अनुराग मिश्रा सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत एवं धन्यवाद भी किया गया।

**समापन के अंतिम दिन बड़ी संख्या में सुबह से ही लोग मेले का आनंद लेने के लिए पहुंचे**

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने अंतिम दिन मचाया धमाल





### महापौर सुनीता दयाल ने लिया फ्लॉवर शो का आनंद, देखे लाखों की कीमत वाले बोनसाई पौधे



करंट क्राइम : फ्लॉवर शो एवं चटकारे मेले का आनंद लेने के लिए शनिवार की देर शाम महापौर सुनीता दयाल पहुंची थीं। सुनीता दयाल ने काफी देर तक मेले में लगे बोनसाई पौधों और अलग-अलग प्रजातियों के फूल व नगर निगम की फुलवारी से लेकर उद्यान विभाग द्वारा बनाए गए स्वच्छता के मॉडल का निरीक्षण किया। इस दौरान फ्लॉवर शो में लगे अलग-अलग किस्म के उन्होंने पौधों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल ने एक बोनसाई पौधे की कीमत पूछी तो उन्हें बताया गया इस पौधे की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए है, जिसे जानकर वह पहले तो आश्चर्य और हैरान हुई, पर जब उन्होंने 10 लाख रुपए तक की कीमत वाले पौधे देखे तो उन्हें लगा कि वाकई यह पौधे अलग हैं। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने फ्लॉवर शो के मनमोहन नजारों को अपने मोबाइल फोन में भी कैद करने का काम किया। साथ ही उन्होंने अलग-अलग बनाए गए गार्डन और नर्सरी का भी निरीक्षण करते हुए उसकी विशेषता के बारे में जानकारी हासिल की।

### ड्राइंग कंपटीशन से लेकर कॉमेडी शो और पैंथर ग्रुप का डांस रहा जोरदार

करंट क्राइम : रविवार का दिन था, फ्लॉवर शो व चटकारे मेले में सुबह से लेकर देर रात तक भीड़ रही। तो वहीं आयोजन स्थल पर सर्वप्रथम ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया। जिसमें ढाई सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार देने के साथ ही उनका उत्साह वर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त अनिल वेंट्रो एंट्री लोकस्ट कॉमेडियन के द्वारा पपेट शो और कॉमेडी शो



प्रस्तुत किया गया। तो वहीं दिल्ली और गाजियाबाद में पैंथर ग्रुप द्वारा अनेकों कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली टीम ने भी यहां अपनी प्रस्तुति दी। वहीं देर शाम मशहूर पंजाबी गायक बिजेंदर विग द्वारा पंजाबी गायकी करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने का काम किया गया।

### ललित जायसवाल के नेतृत्व में फिर सफल हुआ आयोजन





करंट क्राइम : लैंड क्राफ्ट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित फ्लॉवर शो को ललित जायसवाल संभाल रहे थे, उनके सहयोग में राकेश गोयल, रमा त्यागी, रश्मि अग्रवाल, डीके शर्मा, निरमेश अग्रवाल, दिव्यांशु एवं दिवाकर सिंघल सहित उनकी पूरी टीम इस पूरे आयोजन को सफल और सुंदर बनाने में लगी हुई थी। प्रत्येक दिन यह सभी सदस्य आने वाले प्रमुख अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य लोगों का खुद गेट पर पहुंचकर स्वागत करते थे। तो उनको मेले के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ ही यहां चटकारे का भी जायका प्रदान करते रहे। इसके साथ ही मेले की व्यवस्था भी बेहद उत्तम रहीं। पार्किंग व्यवस्था से लेकर यहां साफ-सफाई और फूलों की फुलवारी सजाने का भी शानदार आयोजन किया गया था। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगारंग कार्यक्रम इस पूरे मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा।

### सोशल मीडिया पर जमकर छाया रहा फ्लॉवर शो और चटकारे मेला

करंट क्राइम : गोल्फ लिंक लैंड क्राफ्ट द्वारा आयोजित फ्लॉवर शो और चटकारे के अलग-अलग फोटो, वीडियो और रील सोशल मीडिया पर छाए रहे। लोग यहां खुशनुमा पलों को अपने मोबाइल, कैमरे और सोशल मीडिया पर कैद करके अपलोड करने का काम करते रहे। तो वहीं यहां की सुंदरता और मनोरंजन के अलग-अलग प्लेटफार्म पर हर उम्र के लोग भी नजर आए। कुल मिलाकर तीन दिनों तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम बेहद शानदार रहा।

## संपादकीय

# भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी

पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर सहयोग के समीकरणों में तेजी से बदलाव हो रहा है, उसमें ज्यादातर देशों के लिए यह बात मायने रखती है कि आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक मोर्चे पर भारत का रुख क्या रहता है। यह बेवजह नहीं है कि अलग-अलग देश अपने तरीके से भारत के साथ सहयोग के नए रास्ते खोजने की कोशिश कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के इस बार राष्ट्रपति बनने के बाद कई मसलों पर अमेरिका का रुख छिपा नहीं है। ट्रंप के कई बयानों से वैश्विक स्तर पर उपजी अनिश्चितता के बीच यह स्वाभाविक ही है कि दूसरे देश भावी अवरोधों के मद्देनजर नए और वैकल्पिक रास्तों की ओर कदम बढ़ाएं।

इस लिहाज से देखें तो यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन की ताजा भारत यात्रा की अपनी अहमियत है। गौरतलब है कि बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष का मुख्य उद्देश्य व्यापार, निवेश और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग को बढ़ाना है। उनके साथ सत्ताईस सदस्य देशों के वरिष्ठ राजनीतिक नेता भी भारत दौरे पर आए हैं। भारत के प्रधानमंत्री के साथ बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी साझेदारी को और ज्यादा मजबूत करने के साथ-साथ भारत, पश्चिम एशिया, यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी अत्यधिक महत्त्वपूर्ण संपर्क परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की।

यूरोपीय संघ और भारत के बीच व्यापार लगभग एक सौ साठ बिलियन डालर का है। फिलहाल यूरोप में करीब पचास लाख भारतीय रहते हैं और भारतीय पेशेवरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जाहिर है, अगर यूरोपीय संघ और भारत के बीच साझेदारी का नया अध्याय शुरू होता है, तो उसमें इन तथ्यों की अहम भूमिका रहेगी। यही वजह है कि यूरोपीय संघ की अध्यक्ष की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाने पर संवाद को आगे बढ़ाया है।

इस क्रम में मुक्त व्यापार समझौते के जरिए दोनों क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ावा देने, बाजार तक पहुंच में सुधार लाने और परस्पर आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में कुछ महत्त्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। साथ ही, बाहरी अंतरिक्ष, रक्षा, जल प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग की संभावना बेहतर होने की उम्मीद है।

एक रपट के मुताबिक, भारत में मौजूदा समय में छह हजार से अधिक यूरोपीय कंपनियां काम कर रही हैं। वे लाखों नौकरियों का सृजन कर रही हैं और इस तरह भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रही हैं। ऐसे में अगर यूरोपीय संघ और भारत के बीच आर्थिक सहयोग का माहौल बेहतर हो तो दोनों पक्षों के बीच निवेश के नए रास्ते खुल सकते हैं और कारोबारी माहौल में और सुधार हो सकता है। हालांकि इस संदर्भ में यह भी ध्यान में रखने की जरूरत है कि यूरोपीय संघ अगर भारत के साथ अपने व्यापार संबंधों को बढ़ाने की कोशिश में है, तो इसके पीछे चीन के जोखिम से पार पाना भी एक मुख्य कारण है।

यूरोपीय संघ से कार, शराब और अन्य उत्पादों पर ऊंचे आयात शुल्क, यूरोपीय बाजार में उसकी दवाओं और रसायनों तक भारत की ज्यादा पहुंच, भारत की ओर से कार्बन टैक्स के प्रस्ताव का विरोध, डेटा सुरक्षा आदि कई ऐसे बिंदु हैं, जिन पर सहमति की बुनियाद पर ही दोनों पक्षों के बीच संबंधों का यह सफर आगे बढ़ सकेगा। यह जरूरी होगा कि अगर इस वर्ष के अंत तक एक मुक्त व्यापार समझौता सामने आता है, तो वह आपसी हितों को सुनिश्चित करने वाला हो।

# नौकरियों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 25% हुई

## बिना कमाई वाले कामों में दे रहीं कम समय



**नई दिल्ली।** महिलाओं की नौकरियों में हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अब पहले से कहीं अधिक सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। लैंगिक समानता की दिशा में यह मजबूत कदम है। सरकार की ओर से जारी एक हालिया आंकड़े फिर इसकी पुष्टि कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, रोजगार से जुड़ी गतिविधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 25 फीसदी पर पहुंच गई। 2019 में रोजगार और उससे संबंधित गतिविधियों में महिलाओं का हिस्सा 21.8 फीसदी था। इसके अलावा महिलाएं अब उन घरेलू कामों पर कम समय खर्च रही हैं, जिनमें किसी तरह का पैसा नहीं मिलता।

**रोजगार में पुरुषों की भागीदारी बढ़ी :** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (टङ्क्ष्रढक) की ओर से जारी टाइम यूज सर्वे (ळवर) के अनुसार, रोजगार से जुड़ी गतिविधियों में महिलाओं के साथ पुरुषों का भी हिस्सा बढ़ा है। 15 से 59 साल की आयु के लोगों में रोजगार से जुड़ी गतिविधियों में पुरुषों की भागीदारी 2019 में 70.9 फीसदी से बढ़कर 2024 में 75 फीसदी हो गई।

**सर्वे में करीब 1.40 लाख परिवार शामिल :** सर्वे में 1,39,487 परिवार (ग्रामीण: 83,247 और शहरी: 56,240) शामिल थे। सर्वेक्षण में 6 साल और उससे अधिक आयु के 4,54,192 व्यक्तियों को शामिल किया गया है। इसमें 2,85,389 लोग ग्रामीण और 1,68,803 शहरी लोग हैं। लोग अपने रोज के कामकाज में समय का किस तरह इस्तेमाल करते हैं, यह जानने के लिए सर्वे किया गया है। इसका मकसद भुगतान और बिना वेतन वाली गतिविधियों में पुरुषों और महिलाओं की भागीदारी का पता लगाना है।

**बिना पगार वाले कामों पर महिलाएं खर्च कर रही हैं कम समय :** मंत्रालय के अनुसार, अवैतनिक घरेलू सेवाओं (वल्लस्त्रं उङ्की२३ू री१५्री२) में अब महिलाएं पहले के मुकाबले कम समय खर्च कर रही हैं। इनमें वे घरेलू काम शामिल होते हैं, जिनमें कोई वेतन नहीं मिलता है। बिना पैसे वाले घरेलू कामों में महिलाओं ने पांच साल पहले 2019 में 315 मिनट खर्च किए। यह 2024 के दौरान घटकर 305 मिनट रह गए हैं। यह दिखाता है कि महिलाएं बिना पैसे वाले कामों से पैसे वाली गतिविधियों की तरफ रुख रही हैं।

# शेयर बाजार धोखाधड़ी: पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी के खिलाफ FIR



**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामक चूक और मिलीभगत के सबूत मिले हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगी और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

अदालत के आदेश में यह भी कहा गया है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच की आवश्यकता है। बता दें कि, शिकायतकर्ता ने प्रस्तावित आरोपियों द्वारा किए गए कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, नियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉर्पोरेट धोखाधड़ी को सक्षम बनाया।

### आईएमएफ ने जारी की रिपोर्ट

# 6.5% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी



## रोजगार व विकास को बढ़ाने के लिए सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** मजबूत निजी निवेश और व्यापक आर्थिक स्थिरता के दम पर भारत की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी दर 2025-26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इस आधार पर यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखेगा। अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन देश को 2047 तक एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।

भारत सरकार के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 के दौरान देश की अर्थव्यवस्था के 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। खाद्य कीमतों के झटके कम होने के कारण मुख्य महंगाई लक्ष्य के अनुरूप होने की उम्मीद है। आईएमएफ ने कहा, निजी निवेश, रोजगार को बढ़ावा देने और विकास को आगे बढ़ाने के लिए संरचनात्मक सुधारों के गहन कार्यान्वयन की जरूरत है।

आईएमएफ ने कहा, गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करने, निवेश को बढ़ावा देने और उच्च संभावित विकास को प्राप्त करने के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधार महत्वपूर्ण हैं। प्रयासों को श्रम बाजार सुधारों को लागू करने, मानव पूंजी को मजबूत करने और श्रम बल में महिलाओं की अधिक भागीदारी का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**निजी निवेश और एफडीआई बढ़ाने की जरूरत :** रिपोर्ट के अनुसार, निवेश और एफडीआई को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। इसके लिए स्थिर नीति ढांचे, व्यापार करने में अधिक आसानी, गवर्नेंस सुधार और व्यापार एकीकरण में वृद्धि की जरूरत है। इनमें टैरिफ और गैर-टैरिफ कटौती दोनों उपाय शामिल होंगे। हालिया नरमी के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है।

# महिलाएं घर पर रख सकती हैं कितना सोना?

**नई दिल्ली।** महिलाओं की सबसे पसंदीदा चीज की बात की जाए तो इसमें बेशक पहला नाम सोने के आभूषणों का आएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इसकी कोई तय सीमा है? क्या किसी सीमा से अधिक आभूषण रखने पर आपके खिलाफ आयकर विभाग की कार्रवाई हो सकती है? तो बता दें कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक परिपत्र में इसकी सीमा तय की है।



नियमों के मुताबिक, एक विवाहित महिला 500 ग्राम सोने के गहने रख सकती है। अविवाहित महिला के लिए यह सीमा 250 ग्राम है। वहीं पुरुषों के मामले में स्थिति थोड़ी साफ है। वह चाहे विवाहित हो अथवा अविवाहित, परिवार में प्रत्येक सदस्य के लिए यह सीमा 100 ग्राम तय की गई है। यानी कि यदि आयकर विभाग छापा मारता है तो इस मात्रा तक के स्वर्ण आभूषणों को जब्त नहीं किया जा सकता।

टैक्स एवं इंवेस्टमेंट एक्सपर्ट बलवंत जैन कहते हैं कि सीबीडीटी के परिपत्र से यह स्पष्ट हो गया कि निर्धारित सीमा तक के सोने की जब्ती नहीं होगी, भले ही परिवार की आय कुछ भी हो. आयकर छापे की स्थिति में तय सीमा तक की मात्रा के आभूषणों को अलग कर दिया जाएगा. वह शेष आभूषणों को ही आयकर विभाग अपने साथ ले जा सकता है।

सवाल अभी भी यही उठता है कि क्या आप इस सीमा से अधिक आभूषण नहीं रख सकते? नियमों के मुताबिक सीमा से अधिक आभूषण रखने पर आयकर विभाग आपसे इनके स्रोत पूछ सकता है। अगर आप इस बारे में पूरा ब्योरा मुहैया करा देते हैं तो छापे की कार्रवाई के दौरान यह आभूषण जब्त नहीं किए जाने चाहिए।

हालांकि, ऐसा नहीं है कि निर्धारित सीमा तक आभूषण रखने पर आपसे कोई पूछताछ नहीं होगी। नियमों के मुताबिक छापे के दौरान सीमा के भीतर पाए गए आभूषणों को खरीदने के लिए जुटाई गई रकम के स्रोत का ब्योरा देना पड़ सकता है।

## राशिफल

**मेष :** आज वैवाहिक संबंध में आपकी रूचि कम हो सकती है। आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं, जो आपके जीवन को अधिक आरामदायक बनाएंगे।

**वृष :** आपके लिए आज का दिन उन्नति दायक रहेगा। छोटी छोटी यात्राओं से आपको कुछ नए रिश्ते बनाने को मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी।

**मिथुन :** आज पैसों से जुड़ा किसी भी तरह का रिस्क ना लें। कोई भी बड़ा कदम लेने से पहले आपको एक बार अच्छे से सोच-विचार कर लेना चाहिए।

**कर्क :** किसी भी नये कार्य को करने से पहले अपने बड़ो-बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। पारिवारिक माहौल को अच्छा बनाए रखने के लिए चिंतन करना पड़ेगा।

**सिंह :** आज का दिन थोड़ा सा कमजोर है क्योंकि आप मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। खर्चे भी अधिक होंगे और इनकम उनकी अपेक्षा में थोड़ी कम होगी।

**कन्या :** आज सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे. आप किसी समारोह में जाने की योजना बनायेंगे।

**तुला :** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आप अपने वरिष्ठों और सहकर्मियों का ध्यान समान रूप से आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक :** आप अपनी सुख-सुविधाओं पर इतना खर्च कर देंगे कि आपको यह सोचना मुश्किल पड़ जाएगा की आवश्यकता के लिए धन कहां से लाएं।

**धनु :** आज परिवार का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा. लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में आप कामयाब रहेंगे। दिन मौज-मस्ती में बीतेगा।

**मकर :** पारिवारिक-जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा। कुछ फैसले अच्छे साबित होंगे और इससे आपका आर्थिक संकट भी काफी हद तक दूर होगा।

**कुंभ :** यात्रा पर जाने के लिए भी दिन शुभ रहेगा। कोई खुशखबरी मिल सकती है जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ जाएगी। दांपत्य जीवन में तनाव बढ़ेगा।

**मीन :** आज किए गये कार्यों का नतीजा आपके पक्ष में होगा। कार्यों में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक रूप से भी सब कुछ अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

शौंटी- कल रात मुझे एक आदमी ने चाकू दिखाकर लूट लिया।
मौंटी- लेकिन तेरे पास तो पिस्तौल होती है ना ?
शौंटी- उसे मैंने छुपा लिया था, वह उसे भी लूट लेता।

---

मालिक ने नौकर से कहा- मच्छर मार दो।
नौकर आलस में था।
थोड़ी देर बाद भी मच्छर गुनगुना रहे थे।
मालिक ने फिर नौकर से कहा- मच्छर मारे नहीं क्या?
नौकर ने मालिक से कहा- मच्छर तो मार दिये।
मालिक- तो ये आवाज कैसे आ रही है।
नौकर : जो मच्छर मैंने मारे है ये उनके परिवार वालों की रोने की आवाज है।

---

मम्मी- तुम बेहद शरारती हो, देखने में भी बंदर लगते हो।
बेटा- लेकिन मम्मी पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि तुम बिल्कुल अपने पापा की तरह लगते हो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियां में सेब की इतनी प्रजातियाँ हैं कि अगर रोजाना एक सेब खाया जाए तो हर प्रकार का सेब खाने में 20 साल लगेंगे।
- एक शुतुरमुर्ग की आंखें उसके दिमाग से बड़ी होती हैं।
- स्त्रियों की कमीज के बटन बाएँ तरफ जबकि पुरुषों की कमीज के बटन दाएं तरफ होते हैं।
- घोड़े खड़े – खड़े भी सो सकते हैं, क्योंकि उनके पैर मजबूत होते हैं।
- मनुष्य के दिमाग में 80% पानी होता है।
- मनुष्य का खून 21 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।
- चमगादड़ हमेशा अपनी गुफा से निकलकर बाएँ तरफ ही मुड़ता है।
- ऊँट के दूध का दही नहीं बन सकता है।
- धरती के केंद्र का तापमान सूरज के तापमान के बराबर है।
- पसीने में किसी तरह की गंध नहीं होती, बल्कि गंध शारीर पर मौजूद बैक्टीरिया की वजह से होती है।
- चींटियाँ कभी भी नहीं सोती हैं।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पैर पहले रखा था। उस समय उनका दिल 1 मिनट में 156 बार धड़क रहा था।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया, वरुण चमके

**मुंबई।** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के दमदार प्रदर्शन से भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया। भारत का ग्रुप चरण में अजेय अभियान जारी रहा और टीम ने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए इस चरण का अंत किया। भारत का सामना अब सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से चार मार्च को दुबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं, एक अन्य सेमीफाइनल में पांच मार्च को न्यूजीलैंड की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से लाहौर में होगी।



भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 249 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए केन विलियमसन ने 81 रन बनाए, लेकिन न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए वरुण ने शानदार प्रदर्शन किया और 10 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट झटके। वरुण का चैंपियंस ट्रॉफी में यह पहला ही मैच था और वह चमक बिखेरने में सफल रहे। न्यूजीलैंड एक समय अच्छी स्थिति में था, लेकिन वरुण ने दमदार प्रदर्शन कर भारत के पक्ष में रुख पलट दिया। भारत की ओर से वरुण के अलावा कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए, जबकि हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट मिला।

दिलचस्प बात यह है कि भारत इस मुकाबले में चार स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। भारतीय टीम को चार स्पिनर उतारने का फायदा मिला क्योंकि न्यूजीलैंड के नौ विकेट स्पिनरों ने ही झटके। भारत की ओर से मोहम्मद शमी एकमात्र गेंदबाज रहे जो खाली हाथ रहे। उन्होंने हालांकि, इस मैच में सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की।

चैंपियंस ट्रॉफी में अपना तीसरा मैच खेलने उतरी भारतीय टीम आज उम्मीद के अनुरूप खेलती नजर नहीं आई। टीम की शुरूआत ही खराब हुई। पिछले दो मैचों में 147 रन बनाने वाले शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जबकि कप्तान रोहित शर्मा मात्र 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस दौरान अपने करियर का 300वां वनडे खेल रहे विराट कोहली ने भी निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह मैट हेनरी का शिकार बन गए और 30 रन के स्कोर पर अपना विकेट खो बैठे। ग्लेन फिलिप्स ने अभूतपूर्व कैच पकड़ा। दुबई में खेला गया यह मैच सेमीफाइनल की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 249 रन बनाए, जिसे टीम डिफेंड करने में सफल हुई। मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। रचिन रवींद्र ने अक्षर को केन विलियमसन के हाथों कैच कराया। वह तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने लगातार दूसरे मैच में पचासा जड़ा। उनके अलावा हार्दिक पांड्या ने 45 रन बनाए जिसकी बदौलत भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचा।

### पेसर्स ने किया भारतीय बल्लेबाजों को परेशान

पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजों के लिए न्यूजीलैंड के गेंदबाज मुसीबत साबित हुए। कीवियों की तरफ से 25 ओवर गेंदबाजी पेसर्स ने की जिनके खिलाफ भारत ने कुल सात विकेट गंवाए। इस दौरान टीम सिर्फ 115 रन बना सकी। वहीं, स्पिनर्स के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने दो विकेट खोकर 124 रन बनाए। दिलचस्प बात ये है कि पेसर्स के खिलाफ बल्लेबाजों ने 20% तक गलत शॉट का चयन किया जबकि धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ यह 8.4% ही रह गया। इससे पता चलता है कि भारतीय खिलाड़ियों को स्पिनर्स के खिलाफ कुछ खास दिक्कत नहीं हुई।

# तेज गेंदबाजों के खिलाफ खामोश रहा भारतीयों का बल्ला, गंवाए सात विकेट

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी में अपना तीसरा मैच खेलने उतरी भारतीय टीम आज उम्मीद के अनुरूप खेलती नजर नहीं आई। टीम की शुरूआत ही खराब हुई। पिछले दो मैचों में 147 रन बनाने वाले शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जबकि कप्तान रोहित शर्मा मात्र 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस दौरान अपने करियर का 300वां वनडे खेल रहे विराट कोहली ने भी निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह मैट हेनरी का शिकार बन गए और 30 रन के स्कोर पर अपना विकेट फेंककर चले गए।

दुबई में खेले जा रहा यह मैच सेमीफाइनल की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 249 रन बनाए हैं। अब देखना ये होगा कि टीम इस टोटल को बचाने में कामयाब हो पाती है या नहीं। पेसर्स ने किया भारतीय बल्लेबाजों को परेशान पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजों के लिए न्यूजीलैंड के गेंदबाज मुसीबत साबित हुए। कीवियों की तरफ से 25 ओवर गेंदबाजी पेसर्स ने की जिनके खिलाफ भारत ने कुल सात विकेट गंवाए।




इस दौरान टीम सिर्फ 115 रन बना सकी। वहीं, स्पिनर्स के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने दो विकेट खोकर 124 रन बनाए। दिलचस्प बात ये है कि पेसर्स के खिलाफ बल्लेबाजों ने 20% तक गलत शॉट का चयन किया जबकि धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ यह 8.4% ही रह गया। इससे पता चलता है कि भारतीय खिलाड़ियों को स्पिनर्स के खिलाफ कुछ खास दिक्कत नहीं हुई। मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने दमदार प्रदर्शन किया।

# वेस्टइंडीज के नहीं खेलने से निराश हैं विवियन रिचर्ड्स, अफगानिस्तान से सीखने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स इस बात से निराश हैं कि उनकी टीम चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले सकी। रिचर्ड्स ने इसके साथ ही कैरेबियाई टीम को अफगानिस्तान से सीख लेने की हिदायत दी जो पहली बार आईसीसी के इस टूनामेंट में खेली थी। वेस्टइंडीज और श्रीलंका दो ऐसी टीमें है जो विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है लेकिन पाकिस्तान और दुबई में खेले जा रहे आठ-टीमों की प्रतियोगिता में के मौजूदा सत्र के लिए क्वालिफाई करने में असफल रहीं। अफगानिस्तान का सफर चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण में समाप्त हुआ।



रिचर्ड्स ने कहा, मैं बस उम्मीद कर रहा हूं कि मेरी वेस्टइंडीज टीम अफगानिस्तान की किताब से सीख ले सकती है, क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने खेल में जुनून और ऊर्जा भर दी है। अफगानिस्तान क्रिकेट की दुनिया में इतने लंबे समय से नहीं हैं जितना शायद कुछ अन्य टीमें है लेकिन उनमें संघर्ष करने का जज्बा कमाल का है। जब आप चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को देखते हैं और वेस्टइंडीज को नहीं, तो इसका मतलब है कि अफगानिस्तान कुछ सही कर रहा है।

वनडे विश्व कप 2023 का हिस्सा भी नहीं था विंडीज

रिचर्ड्स ने कहा कि वेस्टइंडीज को सुधार के लिए सिर्फ खिलाड़ियों ही नहीं, बल्कि इसमें शामिल सभी लोगों के प्रयासों की जरूरत होगी। मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी से चूकने के अलावा वेस्टइंडीज भारत में 2023 वनडे विश्व कप का भी हिस्सा नहीं बन पाया था। रिचर्ड्स ने कहा, हमें खुद को वहां वापस लाने के लिए जहां हम एक बार थे शायद सिर्फ खिलाड़ियों की ही नहीं, बल्कि बोर्ड के उन लोगों की भी जरूरत होगी जो जिम्मेदार पदों पर हैं। मुझे इस बात से बहुत गुस्सा आता है कि इतनी बड़ी विरासत वाली वेस्टइंडीज टीम चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं है। इससे मुझे बहुत दुख होता है, क्योंकि हम कहीं बेहतर टीम रहे हैं।

## वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स ने कोहली को सराहा

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफ की है। रिचर्ड्स ने बताया है कि कोहली की गिनती क्यों सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में की जाती है। कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में खेल रहे हैं जो वनडे में उनका 300वां मुकाबला है। कोहली वनडे में 300 या इससे अधिक मैच खेलने वाले भारत के सातवें बल्लेबाज हैं।



### वनडे में तेजी से पूरे किए थे 14000 रन

कोहली की लगन और खेल के प्रति जुनून के लंबे समय से प्रशंसक रहे रिचर्ड्स ने मैदान पर अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए भारतीय बल्लेबाज की सराहना की। रिचर्ड्स ने कहा कि कोहली का जुझारू जज्बा, ऊर्जा और जुनून उन्हें क्रिकेट के महानतम और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के वर्ग में रखता है। मालूम हो कि कोहली ने हाल ही में वनडे में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने थे।

कोहली के जुनून के कायल हुए कोहली

रिचर्ड्स ने कहा, मुझे लगता है कि वह वास्तव में हम सभी के सवालों का जवाब देता है। वनडे विश्व कप से पहले वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था लेकिन फिर उन्होंने शानदार फॉर्म में वापसी की। इसलिए हम जिसके बारे में बात कर रहे थे, यह उस जज्बे का सच्चा प्रमाण है। इसलिए ही मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ और महानतम के वर्ग में रखता हूं। आपको हर दफा ऐसे खिलाड़ी नहीं मिलते जो फॉर्म में नहीं होने के बाद वापसी कर सकें।

# केरल को हराकर विदर्भ ने जीता रणजी ट्रॉफी खिताब

**नागपुर।** विदर्भ ने फाइनल में केरल को हराकर रणजी ट्रॉफी खिताब जीत लिया है। केरल और विदर्भ के बीच नागपुर में खेले गया यह मुकाबला पांचवें और अंतिम दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन विदर्भ ने केरल को पहली पारी के बढ़त के आधार पर मात दी और इस घरेलू टूनार्मेंट का चैंपियन बनने में सफल रहा। विदर्भ का यह तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब है।



विदर्भ ने इससे पहले 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था। यह पिछले साल वर्षों में विदर्भ का तीसरा खिताब है। विदर्भ ने पहली पारी में दानिश मालेवार के 153 रन और करुण नायर के 86 रनों की मदद से 379 रन बनाए थे, लेकिन केरल की टीम ने पहली पारी में कप्तान सचिन बेबी के 98 रनों की पारी के बावजूद 342 रन बनाए। इस तरह विदर्भ ने पहली पारी में 37 रनों की बढ़त हासिल की। विदर्भ के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने शतक लगाया और 135 रनों की पारी खेली। वहीं, दर्शन नालखंडे ने नाबाद 51 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 375 रन बनाए। जैसे ही नालकंडे ने अर्धशतक लगाया, मैच समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। विदर्भ ने अंतिम दिन 249/4 स्कोर के आगे खेलना शुरू किया। करुण नायर ने 132 और कप्तान अक्षय वाडकर ने चार से आगे खेलना शुरू किया।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के इन तीन धुरंधरों पर दारोमदार

**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज दुबई में मुकाबला खेला जाएगा। यह ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच होगा खिलाड़ी बेहद खास होंगे। इनमें से दो को तो कीवियों के खिलाफ रन बनाना बेहद पसंद भी है।



और इस मैच से सेमीफाइनल के मुकाबले तय हो जाएंगे। भारत के सामने उस टीम की चुनौती है, जिसे आईसीसी टूनामेंट्स में हराने में टीम को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है। टीम इंडिया का कीवियों के खिलाफ रिकॉर्ड भी कुछ खास नहीं रहा है। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी में अगर भारत को न्यूजीलैंड को हराना है तो तीन

पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में शतक लगाने के बाद कीवियों को सबसे ज्यादा डर विराट का होगा। अगर वह रन बनाते हैं तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होगा। कोहली अब फॉर्म में लौट चुके हैं और भारत के लिए यह खुशखबरी है। कीवी स्पिनरों की मुश्किल चुनौती को कोहली आसानी से नेस्तनाबूद कर सकते हैं।

## वनडे में चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर का है बेहतरीन रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने एक बार फिर अपनी पारी से भारतीय टीम को संकट से उबारा। श्रेयस ने 98 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 79 रन बनाए जिससे भारत 50 ओवर में नौ विकेट पर 249 रन बनाने में



सफल रहा। श्रेयस ने चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया। उन्होंने इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ भी पचासा जड़ा था। श्रेयस-अक्षर ने की साझेदारी न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया था, लेकिन भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही ।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हैरान करने वाले 3 कैच

## फिलिप्स ने दो बार चौंकाया, कैरी बने सुपरमैन

**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में ग्लेन फिलिप्स ने एक बार फिर फील्डिंग में कमाल दिखाया। उनकी इस हैरतअंगेज फील्डिंग का शिकार इस बार विराट कोहली बने। कोहली के हवा में खेले गए एक तेज शॉट को 23 मीटर दूर बैकवर्ड पॉइंट पर खड़े फिलिप्स ने एक हाथ से लपक लिया। वह कैच लेते वक्त हवा में थे और उन्होंने शानदार डाइव लगाया।



फिलिप्स ने इसके बाद कोहली को देखते हुए ऐसा लुक दिया- मानो कह रहे हों कि यह उनके लिए आम बात है। कोहली समेत स्टेडियम में मौजूद तमाम फैंस फिलिप्स के कैच पर हैरान रह गए और यकीन नहीं कर पाए। यह इस चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार नहीं है जब फिलिप्स ने ऐसा हैरान करने वाला कैच पकड़ा हो। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप मैच में भी उन्होंने इसी तरह का हवा में कैच पकड़ा था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी भी सुपरमैन बन हवा में कैच लपक चुके हैं। फिलिप्स को मौजूदा समय का सबसे बेहतरीन फील्डर माना जाता है। वह न सिर्फ एक बेहतरीन फील्डर हैं, बल्कि अच्छे ऑफ स्पिनर और विकेटकीपर भी हैं।

**फिलिप्स ने रिजवान का कैच लपका :** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ओपनिंग मैच में न्यूजीलैंड के सामने पाकिस्तान की चुनौती थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवियों ने 50 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 320 रन बनाए थे। लाथम ने 118 रन की पारी खेली थी। वहीं, फिलिप्स ने 39 गेंद में ताबड़तोड़ 61 रन बनाए थे। हालांकि, फिलिप्स थके नहीं थे और उन्होंने फील्डिंग में गजब की फूर्ति दिखाई।

# चैंपियंस ट्रॉफी में फ्लॉप शो का नतीजा, न्यूजीलैंड दौरे से हट सकते हैं पाकिस्तान के सीनियर क्रिकेटर

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी से शर्मनाक तरीके से बाहर होने के बाद पाकिस्तान के कुछ सीनियर खिलाड़ी अगले महीने न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली टीम से खुद को अलग कर सकते हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान 29 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी के किसी टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है लेकिन वह एक भी मैच जीते बिना इससे बाहर हो गया। टीम ने कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन की भारी हार के साथ अभियान शुरू किया और फिर दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से छह विकेट से हार गया।



रावलपिंडी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मेजबान टीम के मैच को बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। इस मामले की जानकारी रखने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी ने कहा कुछ खिलाड़ी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड की यात्रा करनी चाहिए। पाकिस्तान को 16 मार्च से पांच अप्रैल तक सफेद गेंद के दौरे के दौरान पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं।

### बाबर-शाहीन बाहर हो सकते हैं

बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह खुद को दौरे के लिए अनुपलब्ध रखने पर विचार कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, 'इन खिलाड़ियों को पता है कि चयनकर्ताओं द्वारा उन्हें बाहर किए जाने की काफी आशंका है। वे अब नए चेहरों को आजमाना चाहेंगे, इसलिए ऐसे खिलाड़ी खुद अपना ना वापस लेने के बारे में सोच रहे हैं। वे अगला कदम उठाने के लिए अपने प्रतिनिधियों के साथ परामर्श कर रहे हैं।' रिजवान के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल कप्तान मोहम्मद रिजवान के भविष्य पर भी अनिश्चितता के बादल है क्योंकि चयनकर्ता इस साल के अंत में एशिया कप और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टी20 टीम के पुनर्निर्माण के लिए अध्यक्ष को सिफारिश कर सकते हैं। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद के लिए एक नई भूमिका की तलाश कर रहा है। एक सूत्र के मुताबिक जावेद ने पिछले साल अकादमी में काम के लिए चेयरमैन मोहसिन नकवी से कई बार अनुरोध किया था। आकिब का कार्यकाल भी हुआ समाप्तसूत्र ने कहा, 'अंतरिम मुख्य कोच के रूप में आकिब का कार्यकाल समाप्त हो गया है।

# पाकिस्तान टीम से छह-सात खिलाड़ियों को बाहर कर शाहिद अफरीदी ने वसीम अकरम को किया चैलेंज

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पाकिस्तान के बाहर होने से उनके प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटर्स नाराज हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और महान गेंदबाज वसीम अकरम ने मोहम्मद रिजवान की टीम पर निशाना साधते हुए टीम में बदलने करने की सलाह दी थी। हालांकि, उनकी यह सलाह पाकिस्तान के एक और पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को पसंद नहीं आई। अब अफरीदी ने अकरम के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।





### नए खिलाड़ियों को मौका दें', बोले अकरम

अकरम ने कहा था कि पाकिस्तान को खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बाहर करने और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए युवाओं को लाने की जरूरत है। अकरम ने कहा, 'बहुत हो गया। कठोर कदम उठाने की जरूरत है। हम लंबे समय से सफेद गेंद में पुराने स्टाइल में क्रिकेट खेल रहे हैं। इसे बदलने की जरूरत है। निडर होकर क्रिकेट खेलने की जरूरत है। युवा खिलाड़ियों को टीम में लाइए। अगर आपको छह-सात बदलाव करने हैं तो कृपया ऐसा करें। आप नए खिलाड़ियों के साथ अगले छह महीने तक मैच हारते रहें। अनुभवी खिलाड़ियों के होने पर हारने से ऐसा करना ठीक है, लेकिन अभी से टी20 विश्व कप 2026 के लिए टीम तैयार करना शुरू कर दीजिए।'

अब लाइव टीवी पर अफरीदी ने कहा कि भारत के खिलाफ हार के बाद भावनाओं में 'बह जाना' सामान्य बात है। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान के कुछ सितारों को टीम से बाहर करने की अकरम की टिप्पणी की आलोचना की। अफरीदी ने कहा, 'मैं उस दिन वसीम भाई को सुन रहा था। हां, हम सभी भारत के खिलाफ हार के बाद भावनाओं में बह गए। उन्होंने कहा कि छह-सात खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने की जरूरत है। वसीम भाई, मेरा आपसे सिर्फ एक सवाल है। क्या आपकी बेंच पर छह-सात खिलाड़ी हैं जो उनकी जगह ले सकते हैं? क्या आपके पास घरेलू क्रिकेट में उन स्तर के खिलाड़ी हैं? क्या हमने उन्हें अकादमियों में तैयार किया है?'

### मेजबान पाकिस्तान कोई मैच नहीं जीत सका

उन्होंने कहा, 'हम खिलाड़ियों को बाहर कर सकते हैं, लेकिन किसे लाएंगे? अगर हम ऐसा करते हैं, तो भी लोग इसके बारे में फिर से रोना शुरू कर देंगे। पीसीबी कहेगा कि हम विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं। और एक बार जब इस टीम को भेज दिया जाएगा तो भी सर्जरी फिर से शुरू हो जाएगी।

## त्यागी समाज के समर्थन में उतरे रणसिंहानंद गिरी

# कहा- अराजकता करने वालों को पुलिस अरेस्ट करें




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर में 3 दिन पहले त्यागी समाज के भाइयों के साथ हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपी मुस्लिम समुदाय से हैं। अब इसमें साधु संत और हिंदु समाज भी खड़ा हो गया है। आज यति रणसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि त्यागियों को कमजोर न समझा जाए। यदि पी पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं मिला तो यह पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी होगी।

### पहले जानिए क्या है पूरा मामला

करंट क्राइम। 27 फरवरी 2025 रात्रि लगभग 11 बजे मुरादनगर रावली रोड पर राहुल त्यागी और रोहित त्यागी का अपना मकान है, जिसमें रोहित त्यागी की शादी की तैयारी चल रही थी। रोहित त्यागी पास में ही गाड़ी से कुछ सामान लेने के लिए गए थे, तभी एक टेंपो वाले मुस्लिम व्यक्ति से गाड़ी में हल्की सी खरोंच लग गई। जिस पर कहासुनी हुई उसके बाद मुस्लिम टेंपो वाले ने वहाब चौधरी को फोन किया थोड़ी ही देर में सैकड़ों मुस्लिम लोग पहुंचे और राहुल त्यागी और रोहित त्यागी पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर पीड़ित पक्ष के परिवार वाले वहां पर पहुंचे उन पर भी हमलावरों ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिसमें रोहित त्यागी, राहुल त्यागी समेत उनके परिवार के लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी चेयरमैन वहाब चौधरी के दबाव में आकर उल्टा पीड़ित पक्ष के साथ न केवल मारपीट की बल्कि उन पर एफआईआर तक कर डाली।

मौके पर मांगेराम त्यागी, कुतुबपुर संजीव त्यागी, अरुण त्यागी मोरटी, बॉबी त्यागी शाहपुर आयुष त्यागी, काकड़ा सोनू त्यागी, काकड़ा अंकुर जावला, सुमित त्यागी, विकास त्यागी समेत सैकड़ों व्यक्ति मौजूद रहे।

### मुरादनगर में मंदिर में मीटिंग

**करंट क्राइम।** मुरादनगर कस्बा स्थित शिव मंदिर में एक मीटिंग बुलाई गई। जिसमें गुस्साए सैकड़ों त्यागी समाज हिंदूवादी संगठन और डासना देवी मंदिर से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के शिष्य यति रणसिंहानंद गिरी जी महाराज यति निर्भयानन्द जी महाराज मुरादनगर पहुंच गए। हर प्रकार से पीड़ितों के साथ रहने और उनको न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रशासन को 72 घंटे का समय दिया वहाब चौधरी समेत सभी की गिरफ्तारी हो अन्यथा बड़ी महापंचायत के लिए प्रशासन तैयार रहे।

## हापुड़ में कारपेंटर की हत्या: आनंद विहार के मैदान में मिला शव, गला रेता; तीन टीमें जांच में जुटीं




**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के आनंद विहार में एक कारपेंटर की गला रेतकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह मैदान में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शिवगढ़ी गांव निवासी अंकित के रूप में हुई। अंकित शनिवार रात साढ़े नौ बजे घर से निकला था। वह अपने पिता रामानंद के साथ कारपेंटर का काम करता था। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली प्रभारी मुनीश प्रताप चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर और सीओ सिटी जितेंद्र कुमार शर्मा ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की दो बहनों की शादी हो चुकी है। एक बहन की कुछ महीने पहले बुखार से मृत्यु हो गई थी। शव की पहचान होने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मां वीरवती समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।एसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया जाएगा।




### आर्य समाज वालों को नही लड़ना चाहिये थे राम जी का चुनाव

कई बार टलने के बाद आखिरकार पुराने शहर की सबसे पुरानी रामलीला की कार्यकारिणी का चुनाव हो गया। भीष्म पितामह बाबा भी प्रधान सिहांसन से उतर गये और तीन साल तक कार्यवाहक महामंत्री रहते हुये खलीफा बनने वाले बब्बे का भी वजीफा एक वोट से बंध गया। सुल्लामल के वशंज गन वाले भी एक वोट से टीम मेंबर बनते बनते रह गये। किस्सा राम वालों में ही चला कि आर्य समाज वालों को चुनाव नही लड़ना चाहिये था। कहने वाले ने कहा कि जब वो आर्यसमाज को मानते हैं और आर्य समाज मूर्तिपूजा का विरोधी है। इसलिये उन्हे तो नैतिकता के आधार ही ये चुनाव नही लड़ना चाहिये था। लेकिन कहने वाले कहा मानते हैं और उन्होने उन बड़े चेहरे का नाम लिया और कहा कि वो तो राम के मंच पर रामभक्त हो जाते हैं और आर्यसमाज वालों में भी जाते हैं। इस पर जवाब भी कमेटी के वोटर ने दिया कि वो सियासत में हैं लिहाजा सब जगह जायेगें मगर राम के काम तो राम वाले ही आयेगें। अब वो हार गये हैं तो हम ज्यादा कुछ नही कहेगें लेकिन इतना जरूर कहेंगे कि उन्हे चुनाव नही लड़ना चाहिये था।

### सुल्ला के राम वालों की इंटरनल महाभारत तो अब शुरू होगी

प्रभु श्री राम का काम कौन करेगा इसको लेकर चुनाव हो गया। जो लोग ये सोच रहे हों कि चुनाव के बाद महाभारत समाप्त हो गई तो वो थोड़ा अपडेट रहें। सुना है कि बाबा अब अशोक वाटिका में मिलेगें। चौधरी अब अपने पुराने कमरे में नही मिलेगें और अध्यक्ष की चेयर पर बसंल जी मिलेगें। राम वालों ने ही बताया कि अजी असली महाभारत तो अब शुरू होगी। इंटरनल महाभारत का शंखनाद कोषाध्यक्ष के कक्ष से होगा। हिसाब भी मांगा जायेगा और किताब भी तलब होगी। पन्नो के पलटने से कहानी खत्म नही होती सुना है कि कोई पुराना इस्तीफा भी दो लाख के तकाजे के साथ बाहर आयेगा। दूसरे पक्ष ने कहा कि वो ये ना समझे कि मंडी वालों के यहां धन रखे जाने का मामला ऐसे ही दब जायेगा। मुददे कई सुलग रहे हैं और असली जिन्न तो अब बोतल से बाहर आयेगा।

## 15 साल की लड़की का विवाह रुका

### बाल संरक्षण इकाई और पुलिस की टीम ने की कार्रवाई, बारात आने से पहले पहुंची



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के बाबूगढ़ इलाके में एक नाबालिग लड़की का विवाह रुकवाया गया है। जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन और एएचटीयू की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। अपर जिलाधिकारी हापुड़ और चाइल्ड हेल्पलाइन लखनऊ के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम में जिला बाल संरक्षण इकाई की सामाजिक कार्यकर्ता हुमा चौधरी, चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर जीतू और बाबूगढ़ पुलिस फोर्स शामिल थे। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि विवाह की तैयारियां चल रही थीं और बारात दिन में आने वाली थी। टीम ने बालिका के पिता से बात की और आयु संबंधी दस्तावेज मांगे। परिवार कोई प्रमाण पत्र पेश नहीं कर सका। जांच में पता चला कि लड़की की उम्र करीब 15 साल है। इससे पहले इसी लड़की से जुड़ा एक पॉक्सो केस भी थाना बाबूगढ़ में दर्ज है। टीम ने परिवार को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी और इसके नुकसान भी बताए। बाद में लड़की को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति हापुड़ के सामने पेश किया गया, जहां आगे की कार्रवाई चल रही है।

## मोदीनगर में किन्नरों के बीच खूनी संघर्ष

### बधाई के विवाद में ढोलक वादक की चाकू से हत्या, 20 पर केस दर्ज



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर में बधाई मांगने को लेकर किन्नरों के दो समूहों में हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस घटना में एक 20 वर्षीय ढोलक वादक की हत्या हो गई। मृतक की पहचान गांव मछरी निवासी अल्हबक्स के रूप में हुई है। वह पूजा किन्नर के साथ ढोलक बजाने का काम करता था। पूजा का अन्य किन्नरों से बधाई मांगने को लेकर विवाद चल रहा था। घटना शनिवार देर रात की है। पूजा अपने साथियों के साथ बधाई मांगकर लौट रही थी। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सीकरी कला गांव के पास पहले से मौजूद कई गाड़ियों में सवार किन्नरों ने पूजा के समूह पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान धारदार हथियार से वार कर अल्हबक्स की हत्या कर दी गई।

एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय के अनुसार, पुलिस ने अहसान, सरताज, मोहिद, निशा किन्नर और रामानंद मिश्रा समेत 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की तीन टीमें आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पाकिस्तान से आई सीमा हैदर की गोद भराई

### सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह ने बहन मानकर दिया आशीर्वाद, सैकड़ों लोग रहे मौजूद



**नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रह रही पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर की गोद भराई रविवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। सीमा हैदर पिछले दो साल से अपने प्रेमी सचिन मीणा के साथ रबूपुरा में रह रही हैं। वह नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत आई थीं। सीमा के चार बच्चे पहले से हैं और अब पांचवां बच्चा सचिन का होने वाला है। गोद भराई कार्यक्रम में एपी सिंह अपनी मां और परिवार के साथ पहुंचे। उन्होंने सभी रस्मों का सामान साथ लाया। महिलाओं ने ढोल-बाजे के साथ पारंपरिक गीत गाए। एपी सिंह ने कहा कि वह सीमा को अपनी बहन मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीमा भारत आकर यहां की संस्कृति को अपना रही हैं। सीमा ने बताया कि उन्हें भारत में बहुत प्यार मिला है। वह एपी सिंह को अपना भाई मानती हैं और हर कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित करती हैं। भारत आने के बाद से सीमा सभी हिंदू धार्मिक कार्यक्रमों को धूमधाम से मना रही हैं।

### मतदान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महाराजा सूरजमल शिक्षण संस्थान प्रबंधन समिति के चुनाव में मतदान करने पूर्व मेयर आशु वर्मा पहुंचे। दिल्ली जनकपुरी में हो रहे इस चुनाव में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी,जितेंद्र चित्तौड़ भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## शादी समारोह के दौरान हुई फायरिंग में दो गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर की गोविन्दपुरी कॉलोनी में एक शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। जयमाला के समय की गई फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दूल्हा हिमांशु दिल्ली के हर्ष विहार कॉलोनी का रहने वाला है। उसका साथी सूरजपाल सिंह अलीगढ़ के इग्लास का निवासी है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक राइफल बरामद कर ली है। दूसरे हथियार की बरामदगी के लिए कार्रवाई जारी है। पुलिस ने राइफल का लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति भी की है।




### क्या लिस्ट से पहले पता था एक थ्री-स्टार को उसका नाम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो थ्री-स्टारों की बड़ी संख्या है लेकिन कई थ्री-स्टारों के किस्से और कहानी समय-समय पर आते रहते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों के बीच से जानकारी निकल कर आई है कि बीते दिनों एक थी-स्टार को सिटी वाले जोन में चार्ज मिला, तो इस मामले की एक महत्वपूर्ण जानकारी बाहर निकल कर आई है। सूत्रों ने बताया है कि थाना प्रभारी को लिस्ट आने से कुछ देर पहले ही जानकारी मिल गई थी। लिहाजा वह अपने होने वाले थाने के बाहर पहुंच गए थे। सूत्रों ने बताया है कि जिस थाने में नए थ्री-स्टार की आमद होनी थी, वह उसके गेट के पास 15 मिनट पहले ही पहुंच गए थे। अब इसे क्या माना जाए क्या लिस्ट पहले ही आउट हो गई थी या थाना प्रभारी को नई जगह पहले ही तय कर दी गई थी। इसकी चर्चा भी शुरू हो गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जब से नए वाले थ्री-स्टार आए हैं कई मामलों की संख्या बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि गर्मी के मौसम का असर सड़क पर होने वाली छिनैती की घटनाओं के रूप में सामने आने लगा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की सिटी वाले साहब ने इस थाने पर फोकस नहीं किया



है, जिस वजह से मामला अभी शांत चल रहा है वरना क्राइम कंट्रोल को लेकर जिस तरीके से सिटी वाले साहब खुद मॉनिटरिंग करते हैं, उससे कहीं आने वाले दिनों में थ्री-स्टार के लिए कोई टेंशन ना खड़ी हो जाए। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे थ्री-स्टार खास जगह से संपर्क रखते हैं लेकिन देखना होगा कि क्या वह लाइन पार वाली स्थिति को आने वाले दिनों में संभाल पाते हैं। वैसे भी अब मामला संवेदनशील होना शुरू हो गया है। एक तरफ जहां एक समुदाय का माह शुरू हो गया है। तो वही आने वाले दिनों में होली का हुड़दंग और कई अन्य तरीके के त्यौहार आने हैं, जिसको लेकर पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा। वहीं क्राइम कंट्रोल का ग्राफ बढ़ाना होगा और खुलासों पर भी ध्यान देना होगा। कुल मिलाकर अगर मामला कहीं पर डाउट वाला हुआ तो थाना प्रभारी आउट भी हो सकते हैं। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट के अभी बहुत सारे ऐसे थाने हैं जहां टू-स्टारों का राज चल रहा है, पर लाइन और साइड लाइन वाले थ्री-स्टार टेंशन और बदलाव वाले मोड में आने के लिए परेशान हैं। कुल मिलाकर देखना होगा की होली के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के समीकरण कैसे बनते हैं और इसका क्या इफेक्ट पड़ता है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बायोटेक्नोलॉजी साइंटिफिक रिसर्च कार्यशाला का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एस डी जी आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हैंड ऑन इन नैनोपार्टिकल प्रिपरेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री महेंद्र अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. प्रसेनजीत कुमार, प्रो वीसी (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) राजीव रतन और डॉ. हरीश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ डॉ. ज्योति चौधरी विभाग अध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में स्कूल की निदेशक डॉ. ज्योत्सना पंडित और डॉ शालिनी शर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम का महत्व समझाया। मुख्य वक्ताओं में मिलेलिक्सिर बायोइनफॉर्मेटिक्स की चेयरमैन डॉ. ज्योति बाला और साइंटिस्ट डॉ. मृत्युंजय रहे जिन्होंने छात्रों को नई जानकारियों से परिचित कराया।

कार्यशाला के दौरान दोनों साइंटिस्ट्स ने विद्यार्थियों को ड्राई लैब और वेट लैब का हैंड-ऑन नैनोपार्टिकल प्रिपरेशन प्रशिक्षण प्रदान किया, जो उनके लिए एक रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुआ। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधे जुड़कर अपने कौशल को और परिपक्व करने का अवसर पाया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर था, जिसमें उन्हें व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ नए तकनीकी पहलुओं को समझने का अवसर मिला।

SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डिंपी के हैप्पी बर्थडे पर मम्मी सुशीला और पापा पवन ने परमपिता परमेश्वर से डिंपी के लिए समस्त संसार की खुशियों की स्पेशल विश की। पूरे परिवार ने डिंपी की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए जन्मदिन सेलिब्रेट किया।

## वार्ड 40 झंडापुर में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को झंडापुर वार्ड नंबर 40 अंबेडकर पार्क में डॉक्टर अनिल राघव होम्योपैथिक द्वारा आयोजित एक स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस शिविर में, डॉक्टर अनिल राघव ने लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोगों के सवालों का जवाब दिया और उन्हें समझाया कि कैसे वे नशे से दूर रह सकते हैं, अच्छाई को अपने पास बुला सकते हैं और अपने शरीर को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद हिमांशु चौधरी उपस्थित थे। उन्होंने डॉक्टर अनिल राघव की प्रशंसा की और क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने जनता के सवालों का जवाब देने के लिए डॉक्टर अनिल राघव की सराहना की। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से, डॉक्टर अनिल राघव और पार्षद हिमांशु चौधरी ने क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया है। इस अवसर पर कार्यक्रम सह संयोजक अनिल सक्सेना नगर कार्यवाह आरएसएस कार्यक्रम अध्यक्ष हिमांशु चौधरी पार्षद साहिबाबाद, मुख्य अतिथि नीरज रावल मंडल अध्यक्ष बृज विहार, विशिष्ट सहयोगी दीपक शर्मा, संजय चौहान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, सुरेंद्र जाटव, शुघनपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## शाखा सहयोग के 50 वर्ष पूरे होने पर मनाया उत्सव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को ट्रांसहिंडन की पहली शाखा सहयोग शाखा राजेन्द्र नगर (माधव भाग 3)के आज 50 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रखा गया। जिसे संदेश के प्रयास से शाखा लगाई गई थी और शाखा टोली कुलभूषण,भूषण, महेश, योगेश, नवनीत,अनिल, प्रेम सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं इनके सब के द्वारा उस समय पर जो खट्टे-मीठे पल थे उनको हम लोगों के बीच सांझा किया गया। अपने इस अति विशेष कार्यक्रम में विभाग कार्यकारिणी सदस्य श्रीमान रवि जी, भाग कार्यवाह श्री सतीश जी ,द्वी नगर विस्तारक निश्चय जी ,दर्पण दत्ता जी नगर कार्यवाह, नीरव जी महानगर घोष प्रमुख, वरुण जी व्यवस्था प्रमुख ,त्रिभुवन जी नगर संघचालक अधिकारियों एवं आलोक शर्मा की उपस्थिति रही।

## बिजली बिल वसूली में पिछड़ा हापुड़

### 222 करोड़ के लक्ष्य में सिर्फ 53 करोड़ वसूले, खराब प्रदर्शन पर 13 जेई को नोटिस





**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की वसूली निराशाजनक रही है। तीनों डिवीजन में 222 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले केवल 53 करोड़ रुपये की वसूली हो पाई है। जिले में कुल 1.64 लाख उपभोक्ता ओटीएस योजना में शामिल किए गए थे। योजना 15 दिसंबर से शुरू हुई। इसमें पंजीकरण करने वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट का प्रावधान था। शहर और गांव में कैंप लगाने के बावजूद केवल 55 हजार उपभोक्ताओं का ही पंजीकरण हो सका। पंजीकृत उपभोक्ताओं में से आधे ने एकमुश्त बिल जमा किया। 30 प्रतिशत ऐसे उपभोक्ता रहे जिन्होंने किस्त तय करवाने के बाद भी बिल जमा नहीं किया। अभी भी 170 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं पर बकाया है। नलकूप किसानों पर 1200 करोड़ से अधिक की बकाया राशि है।

**30 प्रतिशत ऐसे उपभोक्ता रहे जिन्होंने किस्त तय करवाने के बाद भी बिल जमा नहीं किया। अभी भी 170 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं पर बकाया है।**

खराब प्रदर्शन के कारण हापुड़, पिलखुवा और गढ़ डिवीजन के 13 अवर अभियंताओं को नोटिस जारी किया गया है। इनमें वझीलपुर, कैली, अतराड़ा, धीरखेड़ा ग्रामीण, आनंद विहार और जसरूपनगर बिजलीघर के अवर अभियंता शामिल हैं। इससे पहले योजना में लापरवाही के चलते गढ़ डिवीजन के अधिशासी अभियंता आनंद गौतम और कुचेसर चौपला के अवर अभियंता को निलंबित किया जा चुका है। अधीक्षण अभियंता एसके अग्रवाल के अनुसार, सभी अवर अभियंताओं को राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया था। असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण इन 13 अवर अभियंताओं से जवाब मांगा गया है।

# चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा ब्लू घोस्ट



**वॉशिंगटन ।** फायर फ्लाई एयरोस्पेस के चंद्रमा मिशन ब्लू घोस्ट ने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करने में सफलता हासिल की है। यह लैंडिंग चांद के मेयर क्रीसियम क्षेत्र में हुई। यह मिशन तीन बड़े स्पेस मिशन की शुरूआत है, जो चांद के इस न देखे गए हिस्से में उतरेंगे। 15 जनवरी 2025 को ब्लू घोस्ट मिशन की शुरूआत हुई थी, जब इसे स्पेसएक्स के रॉकेट फाल्कन 9 से अंतरिक्ष में भेजा गया।

**नासा के साथ मिलकर निजी कंपनी ने दिया मिशन को अंजाम** :इस अंतरिक्ष मिशन ने करीब एक महीना पृथ्वी की कक्षा में चक्कर काटे। इसके बाद वह चंद्रमा की तरफ रवाना हुआ और 16 दिन चंद्रमा की कक्षा में रहने के बाद 2 मार्च को सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतरा। फायरफ्लाई एयरोस्पेस कंपनी ने बयान जारी कर कहा है कि ब्लू घोस्ट ने चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली है। इसके साथ ही फायरफ्लाई एयरोस्पेस पहली निजी कंपनी बन गई है, जिसके अंतरिक्षयान ने चांद पर लैंडिंग की। यह चांद पर खोज की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। गौरतलब है कि फायरफ्लाई एयरोस्पेस ने नासा की मदद से इस मिशन को अंजाम दिया।

**ब्लू घोस्ट मिशन का क्या है उद्देश्य** : ब्लू घोस्ट मिशन के साथ नासा ने अपने 10 पेलोड भेजे हैं, जो उसके कमर्शियल लूनर पेलोड सर्विस प्रोग्राम का हिस्सा है। इस मिशन से चंद्रमा के वातावरण को लेकर अहम जानकारी जुटाने का लक्ष्य है। ब्लू घोस्ट चांद के आंतरिक हिस्से में गर्मी के बहाव का अध्यन करेगा, जिससे वैज्ञानिकों के चांद पर गर्मी की उत्पति का पता चल सकेगा।

ब्लू घोस्ट मिशन करीब 14 दिनों का है, यह चांद पर एक दिन के बराबर है। फायरफ्लाई एयरोस्पेस के इस सफल मिशन से चांद पर इंसानी पहुंच को बढ़ाने की कोशिशों को बढ़ावा मिलेगा।

# अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर तैनात होंगे 3000 और सैनिक

**वॉशिंगटन ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर करीब 3,000 और सैनिक भेज



रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कदम अवैध आव्रजन पर लगाम लगाने और अपने चुनावी अभियान के मुख्य वादे को पूरा करने के लिए उठाया है।

पेंटागन ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस मिशन के लिए स्ट्राइकर ब्रिगेड लड़ाकू दल और एक सामान्य सहायता विमानन बटालियन के कुछ हिस्सों को आदेश दिया है। आने वाले हफ्तों में ये सैनिक लगभग 2,000 मील की सीमा पर पहुंच जाएंगे।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए इमरान खान ने मांगी वैश्विक मदद

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में राजनीतिक उथल-पुथल को लेकर जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान ने वैश्विक नेताओं से मदद मांगी है। एक लेख में पूर्व पीएम ने पाकिस्तान में लोकतंत्र, मानवाधिकारों और क्षेत्रीय स्थिरता की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय खासकर अमेरिका से मदद का आह्वान किया है।

एक पत्रिका में प्रकाशित लेख में पूर्व पीएम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी है। साथ ही लिखा है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ आर्थिक साझेदारी, स्थिरता को बढ़ावा देने, संघर्ष और उग्रवाद को जन्म देने वाली स्थितियों को रोकने के लिए काम करेगा। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि लेख इमरान ने लिखा भी है या नहीं और यह पत्रिका तक कैसे पहुंचा



लेख में इमरान खान ने पाकिस्तान में लोकतंत्र खत्म होने पर चिंता जताई है। उन्होंने मौजूदा दौर को देश के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण दौर बताया। उन्होंने कहा कि मुझे जेल भेजना और मुझ पर लगे आरोप, लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति उनकी वकालत को दबाने का राजनीतिक प्रयास था। इमरान ने लिखा कि मेरा संघर्ष व्यक्तिगत नहीं था, बल्कि लोकतंत्र से संबंधित था।

पूर्व पीएम खान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस संकट से निपटने की तत्काल आवश्यकता को समझना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण आतंकवाद-रोधी प्रयासों से संसाधनों को हटाने के लिए सरकार की आलोचना की। खान ने आरोप लगाया कि न्यायपालिका राजनीतिक उत्पीड़न का साधन बन गई है।

# यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर काम करेंगे ब्रिटेन और फ्रांस, पीएम कीर स्टार्मर का बयान

**लंदन ।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस यूक्रेन के साथ एक शांति समझौते पर काम करेंगे और फिर इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने इसे शुक्रवार को व्हाइट हाउस में बैठक में हुई तीखी बहस के बाद सही दिशा में एक कदम बताया। समाचार एजेंसी 'रॉयटर्स' ने यह जानकारी दी।

ताकि युद्ध को रोका जा सके और फिर इस योजना को लेकर हम अमेरिका के साथ चर्चा करेंगे। स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस इस योजना में सबसे आगे हैं और इसलिए राष्ट्रपति मैक्रों और मैं इस योजना पर काम करेंगे और फिर इस पर अमेरिका के साथ चर्चा करेंगे। ओवल ऑफिस




में जेलेंस्की के साथ हुई तीखी बहस व्हाइट हाउस में शुक्रवार को ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद यूरोपीय नेता इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए एकजुट हो रहे हैं। बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को लाइव कैमरे पर फटकार लगाई थी।

**यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे स्टार्मर** :पीएम स्टार्मर ने डाउनिंग में जेलेंस्की की मेजबानी की और फिर मैक्रों व ट्रंप दोनों को फोन किया ताकि यूक्रेन के लिए एकजुटता दिखा सकें और वॉशिंगटन व कीव के बीच तनावपूर्ण संबंधों को सुधार सकें। जेलेंस्की आज सैंड्रिंघम में किंग चार्ल्स से मुलाकात करेंगे, जबकि स्टार्मर यूरोपीय नेताओं के साथ लंदन में एक रक्षा शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस।

**स्टार्मर ने बताया कि उन्होंने और फ्रांस के राष्ट्रपि इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका और रूस के बीच चल रही वाताओं से अलग बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा, हमने सहमति दी है कि ब्रिटेन, फ्रांस यूक्रेन के साथ तएक योजना पर काम करेंगे**

# युगांडा में इबोला से चार साल के बच्चे की मौत

**कंपाला ।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में इबोला से एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, इबोला से यह दूसरी मौत है। इससे पहले, 30 जनवरी को एक वार्ड बॉय की प्रकोप



घोषित होने से एक दिन पहले मौत हुई थी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि बच्चे की मौत स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एक बड़ा झटका है, जो प्रकोप के जल्दी खत्म होने की उम्मीद कर रहे थे। ब्ल्यूएचओ ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि बच्चे को युगांडा की राजधानी कंपाला में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

# नंगे पैर इंटरव्यू देने पर ट्रोल हुए विवेक रामास्वामी, भारतीय संस्कृति को लेकर छिड़ी बहस

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में दावेदार रहे भारतवंशी विवेक रामास्वामी एक विवाद में फंस गए हैं। दरअसल उन्होंने बीते दिनों यूजर्स उन्हें अमेरिका विरोधी और असभ्य तक कह रहे हैं। वहीं कई यूजर्स विवेक रामास्वामी का समर्थन भी कर रहे हैं।

दरअसल बीते साल एक लाइव स्ट्रीमिंग रिकॉर्डिंग के दौरान विवेक रामास्वामी नंगे पैर बैठे। यह लाइव स्ट्रीमिंग रिकॉर्डिंग



**नंगे पैर एक इंटरव्यू दिया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। अब इसे लेकर रामास्वामी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है**

विवेक रामास्वामी के घर में हुई थी। अब इसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ी हुई है। कुछ यूजर्स ने रामास्वामी पर निशाना साधते हुए लिखा कि 'विवेक रामास्वामी कभी भी ओहायो के गवर्नर नहीं बन पाएंगे। यह अमेरिका में अस्वीकार्य है।' एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'विवेक को इंटरव्यू के दौरान कम से कम मौजे पहनने चाहिए थे'। एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'विवेक रामास्वामी हमें शिक्षा पर भाषण देते हैं, लेकिन वे खुद इंटरव्यू में नंगे पैर दिखाई दे रहे हैं। यह बेहद असभ्य है।'

### भारतीय संस्कृति को लेकर छिड़ी बहस

हालांकि ऐसा नहीं है कि सभी लोग विवेक रामास्वामी की आलोचना कर रहे हैं। कई यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्होंने विवेक रामास्वामी का समर्थन किया है। इन यूजर्स का कहना है कि दक्षिण और पूर्व एशिया में जहां भारत स्थित है, वहां घर के अंदर जूते उतारकर रहना एक सामान्य बात है। एक यूजर ने लिखा कि 'करीब सभी भारतीय अपने घरों में नंगे पैर ही रहते हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। यह वहां की संस्कृति का हिस्सा है।' मशहूर कमेंटेटर इयान माइल्स चेओंग ने विवेक रामास्वामी का समर्थन किया और लिखा कि 'अपने ही घर में नंगे पैर रहना कैसे अमेरिका विरोधी हो सकता है। जो लोग रामास्वामी की आलोचना कर रहे हैं, वो शायद धारावाहिक देखकर बड़े हुए हैं, जहां अपने बिस्तर में भी लोग जूते पहनते हैं।

# इस्राइल ने की युद्ध विराम के पहले चरण का विस्तार करने की मांग, हमास ने खारिज किया प्रस्ताव

**काहिरा ।** गाजा में इस्राइल-हमास युद्ध विराम के दूसरे चरण को लेकर चल रही वार्ता के बीच इस्राइल ने अमेरिका के प्रस्ताव का समर्थन किया है। प्रस्ताव के मुताबिक इस्राइल चाहता है कि गाजा में संघर्ष विराम के पहले चरण को रमजान और पासओवर तक बढ़ा दिया जाए। जबकि हमास संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर बातचीत पर जोर दिया है।



इस्राइल-हमास युद्ध विराम समझौते का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया है। अब समझौते का दूसरा चरण लागू किया जाना है। इसमें गाजा में बचे हुए सभी जीवित बंधकों की वापसी और क्षेत्र से सभी इजराइली सैनिकों को वापस बुलाया जाना शामिल है। इस बीच इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से बयान जारी किया गया है। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी प्रस्ताव के मुताबिक युद्ध विराम के पहले चरण को पासओवर या 20 अप्रैल तक आगे बढ़ाया जाए। इसमें पहले दिन आधे बंधकों को चाहे वे जीवित हों या मृत, रिहा कर दिया जाए। अगर स्थायी युद्ध विराम पर सहमति बन जाती है तो बाकी को रिहा कर दिया जाएगा। पीएम नेतन्याहू कार्यालय ने बयान में कहा कि अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ का मानना है।

# पक्षी के टकराने के बाद विमान के इंजन में लगी आग, आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी

**न्यूजर्सी ।** अमेरिका में एक के बाद एक विमान हादसों की खबरें आ रही हैं। इस बीच बीते दिन एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दरअसल, फेडएक्स विमान ने शनिवार को नेवार्क हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद ही आपातकालीन लैंडिंग की। इसकी वजह विमान से पक्षी के टकराने के बाद इंजन में लगी आग को बताया जा रहा है। न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी के बंदरगाह प्राधिकरण और फेडएक्स के मुताबिक, पक्षी के टकराने के कारण विमान के दाहिने इंजन में अचानक आग लग गई।



**वायरल हो रहे वीडियो में दिखा डराने वाला नजारा** :सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया कि शनिवार को सुबह 8 बजे (स्थानीय समयानुसार) दाहिने इंजन से आग की लपटें निकलने के बाद बोइंग 767-3र2ऋवापस टरमैक की ओर जा रहा है। विमान के उतरते ही दो पोर्ट अथॉरिटी फायर ट्रक उसके पास पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। बाद में नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने बताया कि उसने घटना की जांच शुरू कर दी है।

घटना में कोई घायल नहीं

उड़ान डेटा के मुताबिक, विमान को उड़ान भरने के ठीक नौ मिनट बाद सुबह 8:07 बजे (स्थानीय समयानुसार) उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एहतियात के तौर पर हवाई यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया।

# दक्षिण कोरिया पहुंचा अमेरिकी विमानवाहक पोत उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के बाद शक्ति प्रदर्शन

**सिओल ।** अमेरिका का एक विमानवाहक पोत रविवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा।

### दक्षिण कोरिया की नौसेना ने जारी किया बयान

दक्षिण कोरियाई नौसेना ने एक बयान में कहा, 'यूएसएस कार्ल विन्सन और उसके स्ट्राइक ग्रुप का दक्षिण कोरिया के बुसान बंदरगाह पर आने का मकसद उत्तर कोरिया के खतरों के सामने अमेरिका व दक्षिण कोरिया के सैन्य गठबंधन को दिखाना और उनकी संयुक्त संपत्तियों की अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है।'

**जून के पहली बार पहुंचा अमेरिकी विमानवाहक पोत** : यह जून के बाद दक्षिण कोरिया आने वाला पहला अमेरिकी विमानवाहक



पोत है। अमेरिकी विमानवाहक पोत की अस्थायी तैनाती से उत्तर कोरिया नाराज हो सकता है। उत्तर कोरिया अमेरिकी संपत्तियों की तैनाती को प्रमुख सुरक्षा खतरों के रूप में देखता है। उत्तर कोरिया ने अमेरिकी विमानवाहक पोतों, लंबी दूरी के बमवर्षकों और परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती के जवाब में मिसाइल परीक्षण किए हैं। किम के साथ फिर बातचीत शुरू करना चाहते हैं ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ फिर से कूटनीति शुरू करने के लिए संपर्क करेंगे। उत्तर कोरिया ने ट्रंप के प्रस्ताव का सीधे जवाब नहीं दिया, लेकिन आरोप लगाया कि ट्रंप के पदभार संभालने के बाद से उत्तर कोरिया के खिलाफ अमेरिका की शत्रुता बढ़ गई है।

**उत्तर कोरिया के हालिया मिसाइल परीक्षण के कुछ दिनों बाद इसे शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है**

# ट्रंप से बहस कर स्टार्मर से मिले जेलेंस्की, ऋण समझौते पर हस्ताक्षर

**लंदन ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने लंदन के 10 डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। इस दौरान जेलेंस्की ने स्टार्मर को अटूट समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही इसे 'सार्थक और गर्मजोशी भरी' चर्चा बताया। वहीं, स्टार्मर ने यूक्रेन की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए ब्रिटेन की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ जेलेंस्की की बहस के एक दिन बाद हुई है।



बैठक के दोनों नेताओं ने यूक्रेन और यूरोप के सामने आने वाली चुनौतियों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मजबूत सुरक्षा गारंटी के साथ न्यायपूर्ण शांति हासिल करने के प्रयासों पर बात की।

### यूक्रेन-यूरोप की चुनौतियों पर चर्चा की

बैठक के बाद जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा, 'प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ सार्थक और गर्मजोशी भरी मुलाकात। हमने यूक्रेन और यूरोप की चुनौतियों, सहयोग और न्यायपूर्ण शांति के लिए कदमों पर चर्चा की।'

**यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर** : बैठक के दौरान यूक्रेन और ब्रिटेन ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'आज यूक्रेन और यूनाइटेड किंगडम ने एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह ऋण यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगा और इसे रूस की संपत्तियों से प्राप्त राजस्व से चुकाया जाएगा। यह सच्चा न्याय है- जिसने युद्ध शुरू किया, उसे ही भुगतान करना होगा।

## उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी पहुंचे गाजियाबाद

# उत्तरेणीं मकरैणी महोत्सव में सीएम ने कहा- देश भर में उत्तराखंड की पहचान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महोत्सव हमारी संस्कृति, लोककला और लोक संगीत को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।

रविवार को पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति इंदिरापुरम की तरफ से आयोजित उत्तरैणी-मकरैणी कौथिक महोत्सव के समापन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यहां कार्यक्रम को देखकर ऐसा नहीं लग रहा कि जैसे वह गाजियाबाद में हैं, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह उत्तराखंड में ही हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी उत्तराखंड से दूर रहकर भी उत्तराखंड की संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। इससे देश के अन्य राज्यों में इसे लागू करने में मदद मिलेगी। आने वाले दिनों में ऐसी योजनाएं लागू होंगी जो देश में पहली बार उत्तराखंड में शुरू होगी। इससे लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति के अध्यक्ष सागर रावत ने बताया कि समिति की ओर से 28 फरवरी से दो मार्च तक तीन दिवसीय उत्तरैणी-मकरैणी 2025 कौथिक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन शिप्रा मॉल ग्राउंड में किया गया, जिसका रविवार को समापन हुआ।उत्तराखंड फिल्म इंडस्ट्री के स्टार पन्नू गुसाई, लोक गायक दर्शन फरस्वांण, लोक गायिका खुशी जोशी, श्रवण भारद्वाज और गीतकार संतोष खेतवाल ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, समिति के अध्यक्ष सागर रावत समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कौशांबी आरडब्ल्यूए (कारवां) का चुनाव संपन्न, अजीत सिंह बने अध्यक्ष



अध्यक्ष अजीत सिंह | महासचिव विनय महेश्वरी | कोषाध्यक्ष संगीता श्रीवास्तव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी आरडब्ल्यूए (कारवां) का रविवार को चुनाव संपन्न हो गए। इसमें अजीत सिंह को आरडब्ल्यूए का अध्यक्ष चुना। चुनाव संपन्न होने पर सोसाइटीवासियों ने नई कार्यकारणी को बधाई दी। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता महासचिव विनय माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष- संगीता श्रीवास्तव सहसचिव, विक्रम सिंह, सहसचिव अतुल बंसल को बना गया है। इस के अलावा सचिव, 2 और के खाली पदों पर नई टीम उनका चयन करेगी। चुनाव की यह प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी सुशील जैन ने संपन्न करवाई। इन टीम न सोसाइटी के लोगों को विश्वास दिलाया कि सोसाइटी की सभी समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। सोसाइटी के महासचिव विनय महेश्वरी ने बताया कि यहां बिजली, पानी, सड़क, अतिक्रमण ट्रैफिक ओर भी काम किया जाएगा।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी एक बात भगवा संत दीदी तक पहुंचा देना यार? पता चला है गोवा टूर को लेकर उनके दिमाग में है कुछ नेगेटिव विचार? वो सोच रहे हैं कि उनके समाज के चेहरों को नहीं मिला फ्लाईट में स्पेस? हम उनसे कहना चाहते हैं कि फ्लाईट सभी ने अपने निजी खर्चे पर बुक की है? नहीं है इसमें परोपकार वाला केस? इसलिए इस सवाल को पढ़ने के बाद वो निकाल से अपने दिमाग से ये वाले संदेश?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर मंत्री सुनील शर्मा और धौलाना विधायक धर्मेश तोमर भी जाते गोवा वाली फ्लाईट में, तब हमें आता और भी मजा? हमें समझ नहीं आ रहा आखिर क्या रही दूरियों की रजा? कहने वाले ने कहा मंत्री जी नहीं गये इसका तो अंदाजा हम लगा सकते हैं साहब? धर्मेश जी क्यों नहीं गये, इसको लेकर अभी तक जवाब खोज नहीं पाया है हमारा दिमाग?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सुना है भगवागढ़ के कई भगवा कमिश्नर हैं इस बात से नाराज? क्यों सजाया सजाने वालों ने गोवा टूर का महिम गुप्ता के सर पर ताज? कहने वाले ने कहा बाकी मंडल अध्यक्ष इसको ले रहे हैं दूरियों की तरह? वो कह रहे हैं ऐसा करके करने वालों ने कर दी है हमारे साथ खता? हमसे भी पूछते हम भी करते गोवा टूर की तैयारी? सही बतायें अंदर खाने कोई ना कोई गुटबाजी का संदेश हुआ है जारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सोशल मीडिया पर गोवा टूर को लेकर हमने पढ़े पूर्व विधायक चौधरी साहब के कमेंट जोरदार? सुना है इन पोस्ट पर आ गई कमेंट की बौछार? किसी ने ठहाके मारे तो किसी ने रखी दिलजली बातें बाहर? सुना है इस बात पर जब लेनी चाही एक जनप्रतिनिधि की प्रतिक्रिया? तो उन्होंने किसी भी प्रतिक्रिया देने से कर दिया इंकार? उन्होंने कहा चौधरी साहब है बहुत बड़े वीर? मगर हम भी नहीं तैयार हैं लेने के लिए उड़ता हुआ ......र?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि चल रही थी गोवा टूर पर पूर्व विधायक चौधरी साहब के शब्दों की तोप? हमें लग रहा था वो कुछ साफ्ट होंगे, हमने पाली हुई थी ऐसी होप? फिर भी उनके शब्द नहीं हो रहे थे शांत? सुना है उनकी इस क्रान्ति को देख कर सौंफ वाले पूर्व भगवा कमिश्नर हो गये अंशात? उन्होंने हिम्मत दिखा कर दाग दिये चौधरी साहब की पोस्ट पर शब्दों के तीर? देखना अब ये है दोनों की ओर से चले तीर, किसको देंगे घाव गंभीर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि किसके मन में चल रहा है जीडीए वाले बोर्ड में जाने का विचार? क्या इसके पीछे बना है अध्यक्ष वाला कोई फैक्टर भी आधार? कहने वाले ने कहा कि अगर उन वाले एम के नाम पर हो गया विचार? तो फिर इन वाले एम का बन जायेगा जीडीए वाले बोर्ड में जाने का किरदार? क्या इस फैक्टर में है एक रोचक समानता? दोनों ही एम रह चुके हैं निगम के पार्षद? देखते हैं कहां तक पहुंचता है ये वाला रास्ता?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार की धरती पर जब आये उत्तराखंड के सीएम धामी? क्यों खामोश रही भाजपा सियासत और क्यों दिखाई दिया सीन ऑफ पोलिटिक्ल गुमनामी? सुना है इस कार्यक्रम से दूरी बना गये नदिया पार के कई लोकल भाजपाई? कहने वाले ने कहा कि सागर के नाम पर सिकुड़ गया था मामला? वरना नदिया पार में उत्तराखंड समाज का कार्यक्रम हो और उत्तराखंड के सीएम आयें? ऐसा तो फिर हो ही नहीं सकता कि भाजपाई यहां नजर ना आयें?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गोवा वाले टूर का जायेगा संदेश बहुत दूर? क्या अब अगली फ्लाईट में कोई और जनप्रतिनिधि भी दिखायेगा ऐसा ही जोश? क्या इसी गर्मी में मिलेगा फिर से देवतुल्यों को गोवा के समुद्र में नहाने का मौका? क्या मेयर की तरफ से भी होगा पार्षदों के लिए आयोजित कोई ऐसा ही टूर? क्यों कहा निगम वाले पार्षद ने कहा हम तो सब तैयार हैं और वैसे भी फ्लाईट शुरू होने के बाद अब गोवा नहीं गाजियाबाद से ज्यादा दूर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि लिख कर रख लेना अब इस बात को? वो कितने ही जोर लगा लें लेकिन उनकी पारी पूरी हो रही है इसी मार्च को? सुना है कि नहीं आने वाला है इस बार उनका नाम किसी भी आयोग में? एक बड़ा सितारा लगायेगा वीटो और फिर नहीं बनेगा उनके नाम का योग?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम की सियासत में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को लेकर क्या तैयार होगा कोई चक्रव्यूह? क्या इस बार चेहरों को लेकर चले जायेंगे बड़े दरबार से मोहरे? सुना है ज्यादा मत रंहना दंग? सुना है इस बार इस पद को लेकर छिड़ सकती है इंटरनल भगवा हिमायत वाली जंग?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पार्षद कुसुम मनोज गोयल और क्षेत्र की जनता ने जनरल वीके सिंह का आभार प्रकट किया





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सेक्टर एक वैशाली गली नंबर 3 और 2 के बीच वाले पार्क का नाम श्री राम पार्क रखा गया है। इस पार्क में मिजोरम के राज्यपाल एवं पूर्व सांसद केंद्र मंत्री जनरल वी के सिंह ने एक ओपन जिम लगाया गया है। इस पार्क के लिए रविवार को पार्षद कुसुम मनोज गोयल तथा क्षेत्र की जनता ने उनका आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर वार्ड में चल रहे निरंतर विकास कार्य के लिए समाजसेवी सुभाष शर्मा, एस के उपाध्याय भाजपा नेता, अवधेश कटिहार, शिव शंकर उपाध्याय, पवन गुप्ता, लोकप्रिय गायिका ज्योति वर्मा, संजय सिंह, एम एस रावत, एस एल मिश्रा सहित लोगों ने अपने विचार रखें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महाकुंभ मेले के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद ने वरिष्ठजनों को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाजसेवी कैलाश गोयल, नरेंद्र वर्मा, के एल शर्मा, बिजी सिंह, सचिन मंदार, अशोक अग्रवाल, अनिल श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, देवेंद्र मंदार, संदीप पांडे, अवधेश सिंह, दीपक शर्मा, करतार सिंह, नंदकिशोर, राज सिंह, दुष्यंत गौतम, मंगल सिंह, विजय मलिक, पुष्पा नामदेव, सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद कांडपाल, अशोक पांडे, एनडी कुंडलिया, डॉ ललित, नवीन, रविंद्र चौधरी, सच्चिदानंद मिश्रा, वीर सेन मित्तल, सुरेंद्र वर्मा, एसके सक्सेना, अनुसूया प्रसाद, अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस के विशेष अभियान में शराब पीने वालों पर कार्रवाई: एक रात में 512 लोग गिरफ्तार





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए तीन घंटे के विशेष अभियान में 512 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इन शिकायतों के बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 218 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें विजयनगर से 57, घंटाघर से 46, नंदग्राम से 42, कवि नगर से 27, मधुबन बापूधाम से 26 और सिहानी गेट से 20 लोग शामिल हैं।

डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 144 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 31, क्रॉसिंग रिपब्लिक से 30, मुरादनगर से 24 और लोनी बॉर्डर से 21 लोग प्रमुख हैं। इसके अलावा अंकुर विहार, मसूरी और भोजपुर से 7-7, निवाड़ी और वेव सिटी से 5-5, मोदीनगर से 4 तथा ट्रॉनिका सिटी से 3 लोगों को पकड़ा गया।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 150 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 32 कौशांबी से 25 खोड़ा से 23 साहिबाबाद से 19 लिंक रोड से 14 शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 21 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# होटल में 24 साल की युवती से रेप: फेसबुक दोस्त ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के एक होटल में दोस्त ने युवती के साथ नशीला पदार्थ पिलाकर रेप किया। दोनों की 4 माह पहले फेसबुक से दोस्ती हुई थी। पीड़ित युवती ने बताया कि आरोपी दानिश ने मुझे कॉल करके बुलाया। उसके बाद लोनी बार्डर रोड पर होटल में ले गया। जहां खाना खिलाने के बाद कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ दे दिया। जिसके बाद दानिश ने रेप किया।

### शालीमार गार्डन की है युवती

**करंट क्राइम।** 24 साल की युवती शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की रहने वाली है। युवती ने पुलिस को बताया कि एक युवक दानिश जोकि लोनी का रहने वाला है। 4 माह पहले फेसबुक से दोस्ती हुई थी। जिसके बाद दोनों में बातचीत शुरू हो गई। युवक एक माह से होटल में साथ में खाना खाने की जिद कर रहा था। 27 फरवरी की रात को दानिश ने शिव विहार मैट्रो स्टेशन के पास युवती को बुलाया और उसको साथ में ले जाकर के एक होटल में खाना खिलाया। खाना खिलाने के बाद होटल में ही उसने कोल्डड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ मिला करके उसको पिला दिया।

### मुंह में कपड़ा ठूंसकर आबरू लूटी

**करंट क्राइम।** पीड़िता ने बताया कि जब मुझे बेहोशी की हालत होने लगी। जहां मुझे चक्कर आने लगे। मैने कहा कि मेरे साथ क्या हो गया। इसके बाद आरोपी दानिश ने मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। जिसके बाद आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में युवती को होश आया और अपने घर पहुंची। आरोपी दानिश उससे पहले ही होटल से फरार हो गया था। इस संबंध में उक्त युवती द्वारा जब अपने घर वालों को बताया गया तो परिजनों के साथ आकर थाने पर इस घटना के संबंध में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपी दानिश को हिरासत में ले लिया है। अउढ अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने बताया केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। दोनों में 4 माह से दोस्ती थी।

## सीयूईटी यूजी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 1 मार्च से 22 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन - राहुल गोयल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए होने वाले एंट्रेंस एग्जाम सी.यू.ई.टी. यानी कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 की घोषणा कर दी गयी है। महत्वपूर्ण डेट्स कुछ इस प्रकार है – ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 मार्च से 22 मार्च तक निर्धारित की गई है। परीक्षा के एडमिट कार्ड मई माह में डाउनलोड किये जा सकेंगे और परीक्षा अंदाजन 8 मई से 1 जून के बीच कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट पर पूरे भारत में अलग अलग परीक्षा केन्द्रो पर कई दिनों तक कराइ जाएगी। वरिष्ठ करियर काउंसलर एवं आरडीसी स्थित आईएमएस कोचिंग संस्थान के डायरेक्टर राहुल गोयल ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी इसकी आधिकारिक वेबसाइट cuet.samarth.ac.in विजिट कर सकते है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 501 बहनों को किया जायेगा सम्मानित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को बड़ौत में मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति एवं राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की एक बैठक मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की जिला अध्यक्ष चांदनी जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस बैठक में 9 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 501 बहनों को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को किस तरह से भव्य बनाया जाए इस पर सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार रखें।

मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की जिला अध्यक्ष चांदनी जैन ने बताया हमारे पास बहनों के 450 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। आगामी दो-तीन दिन में पूरे 501 हो जाएंगे। राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा हम अपनी बहनों के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। कार्यक्रम बहनों का है इसलिए उनकी हर तरीके से सपोर्ट की जाएगी। इस बैठक में गाजियाबाद से दोनों संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी एसपी खेकड़ा बहन प्रीति रहेगी। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज 84 खाप चौधरी आदित्य भारद्वाज, जिला महासचिव साधना तिवारी, अंजलि जैन, ममता शर्मा, चंद्र दत्त शर्मा, राजीव शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, अजय चौधरी, आदि अनेकों पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## भंडारा





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रीतम फार्म हाउस के संस्थापक स्वर्गीय प्रीतम सिंह की पांचवी पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। स्व प्रीतम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पुत्र रणवीर सिंह,उदयवीर सिंह,मनवीर सिंह,रामवीर सिंह पौत्र अमर चौधरी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Nitin Jai Mavii is with Nand Kishor.
42m

लोनी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मा0 श्री नन्द किशोर गुर्जर जी,
आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना है।

Nand Kishor

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के जन्मदिन पर भाजपा नेता नितिन जय मावी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देते हुए उत्तम स्वास्थ,लंबी आयु,उत्तम यशस्वी जीवन,खुशहाल जीवन की कामना की। नितिन जय मावी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।